आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 242: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

अजमेर, बुधवार, 22 जुलाई, 2026

www.Lokvarta.net

# छात्र आंदोलन की आग भड़की ...

## कांग्रेस सांसदों के साथ राहुल ने पीएम आवास घेरा



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के बाहर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और सांसदों ने अचानक प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और सांसदों को हिरासत में ले लिया। मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और पुलिस ने पूरे इलाके में बैरिकेडिंग कर रखी थी। जब नेताओं ने पीएम आवास की ओर बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में लेकर अलग-अलग तीन बसों में बैठाया और वहां से अज्ञात/संबंधित पुलिस स्टेशनों के लिए रवाना कर दिया। देश भर में शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और नीट परीक्षा विवादों को लेकर विपक्ष हमलावर है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और जिम्मेदारी लेने से भाग रही है। इसी के विरोध में कांग्रेस नेतृत्व ने सीधे प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने की योजना बनाई थी। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार और पुलिस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए लाठीचार्ज और पुलिस बल का सहारा ले रही है।



### जंतर मंतर पर फिर से हजारो युवा पहुंचे

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी हजारो की तादात में युवा जंतर मंतर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारे बजी करी वही युवाओ का साफ़ कहना है की प्रधानमंत्री क्यों नहीं प्रधान का इस्तीफा ले रहे है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर सरकार ने समय बर्बाद किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल जब्त कर लिए। दोनों एक तरह से जेपी नड्डा के घर नजरबंद थे। इसलिए अब वे सरकार से बात करने नहीं जाएंगे। सरकार को ही जंतर-मंतर पर आना होगा। उधर, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोनम वांगचुक को सफदरगंज से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। सीजेपी ने संसद मार्च के दौरान बर्गर खाने वाले विजेता दाहिया को प्रवक्ता पद से हटा दिया है। दाहिया ने एक वीडियो जारी करके सफाई दी है कि आप मुझे ऐसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जैसे कि प्रदर्शनकारी होना मेरा काम हो। आपने मुझे इस पद के लिए नहीं चुना है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा, 'हम संसद मार्च मंगलवार को इसलिए नहीं निकाल रहे हैं, क्योंकि इस सरकार और पुलिस ने छात्रों का खून बहाया है। इन्हें छात्रों की कोई परवाह नहीं है, लेकिन हमें है।'



### जयपुर में गहलोत समेत कई दिग्गज नेता हुए गिरफ्तार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वही नई दिल्ली के आलावा देश भर में भी जगह जगह कांग्रेस ने प्रदर्शन किये। राजधानी जयपुर में भी प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर मशाल जुलूस निकालने की तयारी थी जिसको प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में निकालने की तयारी थी , जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शामिल हुए मगर एन वक़्त पर पुलिस प्रशासन वह पहुंच गया और पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के बीच धक्का मुक्की हुई जिसके बाद गहलोत ,डोटासरा समेत सभी कांग्रेस नेताओ को पुलिस ने डिटैन किया और दूर दिराज लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा की ये लोग देश को बहुत बड़े गड्ढे में दाल रहे है , उन्होंने कहा की हमारे नेता राहुल गाँधी पहले से ही कह रहे है की ये लोग देश को कई साल पीछे कर देंगे और आप देखिये क्या हालत हो गए है , हमारे युवाओ के साथ ये क्या कर रहे है , सोमवार को हुई घटना ने देश में ही नहीं पुरे विश्व में भारत की स्थिति बतादि है , की भारत की युवा जनता के साथ वहा की सरकार कैसा व्यवहार करती है। वही डोटासरा ने कहा की बा भारत का युवा जाग चूका है , ये जो बीजेपी वालो ने किया है इसको कोई बर्दाश नहीं करेगा।



### सफदरजंग अस्पताल से मेदांता अस्पताल शिफ्ट किए गए सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय से निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति मिलने के बाद एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें भारी सुरक्षा के बीच मेदांता ले जाया जा रहा है। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि नागरिक के मौलिक अधिकारों और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी पसंद के अस्पताल (मेदांता) में इलाज कराने की अनुमति दी जा रही है। केंद्र सरकार (सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता) ने भी इस स्थानांतरण पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। हाई कोर्ट ने मेदांता अस्पताल के निदेशक को निर्देश दिया है कि सोनम वांगचुक के इलाज और स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी के लिए विशेषज्ञों की एक विशेष टीम गठित की जाए।

### सीजेपी विरोध प्रदर्शन में घायल लोगों से मिलने अस्पताल पहुंच गए जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल का दौरा किया। वे सोमवार को सीजेपी के विरोध मार्च के बाद पुलिस की कार्रवाई में घायल हुए लोगों से मिलने गए थे। नड्डा अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल होने के बाद इलाज के लिए भर्ती लोगों से बातचीत की। अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने डॉक्टरों के साथ बैठक भी की ताकि घायलों की हालत और उन्हें दी जा रही मेडिकल देखभाल का जायजा ले सकें।

### किसानों का दिल्ली कूच स्थगित, दो मांगों पर सहमति बनी

**अंबाला/कुरुक्षेत्र/सोनीपत।** अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार का प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान लौट गए, जिससे दोनों बॉर्डरों पर ट्रैफिक भी सामान्य हो गया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी समेत हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन ने बताया कि रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया।

### मध्य प्रदेश विधानसभा में यूसीसी बिल पास



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा ने विपक्षी कांग्रेस पार्टी के विरोध के बीच 'यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड' बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया। विपक्षी विधायक चाहते थे कि बिल को चर्चा के लिए एक सेलेक्ट कमिटी के पास भेजा जाए; हालाँकि, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा ध्वनि मत से बिल पारित करने का प्रस्ताव रखे जाने के बाद इसे मंज़ूरी दे दी गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे सुनहरा दिन बताया और कांग्रेस पार्टी की गलत सोच की आलोचना की। यादव ने मीडिया से कहा यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल का पास होना मध्य प्रदेश के 8.5 करोड़ लोगों के लिए सचमुच एक सुनहरा दिन है। मध्य प्रदेश विधानसभा में इस कानून का लागू होना 'एक देश, एक संविधान, एक झंडा, एक नेता' के उस विज़न के प्रति हमारी सच्ची प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिसे डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आगे बढ़ाया था।

### सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 10 मजदूरों की मौत, 17 अब भी फंसे

**गंगटोक।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 17 मजदूर अब भी फंसे हैं। नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली।

### एमपी-राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय

#### हिमाचल में अब तक 66 लोगों की मौत, गुवाहाटी में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ।

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य में अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। 145 सड़कें बंद हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने कांगड़ा, चंबा और सिरमौर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे-715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।



एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

#### पेनल्टी कॉर्नर




#### पटेला री पोल

छात्र आंदोलन फैल गया अब, संकट में है सरकार
रफ्तार इसकी और बढ़ेगी, इसको इस्तीफे की दरकार
सब फार्मूले फेल हुए, ई डी सीबीआई का नहीं काम
चढ़ावा चोरी का टीका पहले ही, नाराज तभी से राम


..मुखिया जी

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की सुरक्षा और सम्मान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-भजनलाल शर्मा

**एससी-एसटी के विरूद्ध अपराध करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई**

- 2 वर्षों में एससी-एसटी पर अत्याचार के मामलों में आई 28 प्रतिशत की कमी
- 60 दिन के भीतर हो रहा 68 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार द्वारा गत ढाई वर्षों में उठाए गए कदमों के कारण अनुसूचित जाति और जनजातियों के विरुद्ध अत्याचार के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2025 में ऐसे प्रकरणों में लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कहा कि एससी-एसटी वर्ग के विरुद्ध अपराध करने वालों पर कठोरता से कार्रवाई की जाए और समाज में समरसता का वातावरण बनाने में सहयोग करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए।

**पीड़ितों को समय पर मुहैया करवाई जाए आर्थिक सहायता**

उन्होंने निर्देश दिए कि दर्ज प्रकरणों की सतत निगरानी की जाए तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही, संवेदनशील मामलों की जांच पूरी गंभीरता और त्वरित गति से हो। एफआईआर दर्ज होने से लेकर न्यायालय में अंतिम निस्तारण तक पीड़ितों को अधिनियम के तहत देय आर्थिक सहायता भी समय पर उपलब्ध करवाई जाए।

**प्रकरण निस्तारण का औसत समय 128 दिन से घटकर हुआ 53 दिन** वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार के दर्ज प्रकरणों में 15.88 प्रतिशत तथा वर्ष 2025 के पहले 6 माह की तुलना में वर्ष 2026 में 15.49 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में से 35.16 प्रतिशत का निस्तारण 60 दिन में किया जा रहा था, जो 2025 में बढ़कर लगभग 47 प्रतिशत और जुलाई, 2026 तक 67.88 प्रतिशत हो गया है। वहीं, प्रकरणों के निस्तारण का औसत समय 128 दिन से घटकर 53 दिन रह गया है। एफआर लगे प्रकरणों में अब 10 प्रतिशत के स्थान पर 20 प्रतिशत का रैंडम सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो एससी-एसटी वर्ग पर अत्याचार के मामलों में कमी आई है, वहीं दूसरी ओर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के 60 दिवस की निर्धारित अवधि में निस्तारण में भी पहले की तुलना में काफी तेजी आई है। लगभग 68 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण 60 दिन के भीतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 पुलिस जिलों में एससी-एसटी सेल स्थापित किए जा चुके हैं एवं शेष 6 पुलिस जिलों में भी एससी-एसटी सेल शीघ्र स्थापित होंगे।

# 'नशे को कहें ना, सपनों को कहें हां' 50 से अधिक स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर, विद्यार्थियों को दिया नशामुक्ति का संदेश

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित अभियान के तहत मंगलवार को जिलेभर के 50 से अधिक विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस माह का विषय रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसी क्रम में महेश्वरी पब्लिक स्कूल, भीलवाड़ा में विशेष शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा अभय कुमार जैन ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को प्रभावित करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए नशे से दूर रहें और शिक्षा, अनुशासन तथा सकारात्मक मूल्यों को अपनाएं। उन्होंने नशीले पदार्थों के प्रकार, उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ मादक पदार्थों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका न्यायिक अधिकारियों ने सरल और व्यवहारिक तरीके से उत्तर दिया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम संवादात्मक और ज्ञानवर्धक बना। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव रश्मि आर्य ने अभियान की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय सहित सभी तालुका मुख्यालयों पर 45 से अधिक विद्यालयों में इसी विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन,



प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## वर्ष 2026-27 के लिए भूमि की बाजार दरें निर्धारित करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित



**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में जिला परिषद स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें शासन सचिव, वित्त एवं कर विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक भूमियों की नई बाजार दरें (रेट्स) तय करने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, सुरेश धाकड़ और पूर्व विधायक अशोक नवलखा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि दरों का निर्धारण पूरी पारदर्शिता, व्यावहारिकता और निष्पक्षता के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक बाजार मूल्य झलके और आमजन, किसानों व निवेशकों के हितों का संतुलन बना रहे। जनप्रतिनिधियों के सुझावों, विकास गतिविधियों, शहरी विस्तार और स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन कर दरें निर्धारित की जाएंगी।

## पैर का ऑपरेशन, रिकॉर्ड में हाथ का भी इलाज सरकारी योजना में फर्जीवाड़े के आरोपों से घिरा स्वास्तिक हॉस्पिटल

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के स्वास्तिक हॉस्पिटल पर सरकारी स्वास्थ्य योजना के तहत बड़े स्तर पर कथित फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले में पीड़ित ने जिला पुलिस अधीक्षक और थाना सुभाषनगर में लिखित शिकायत देकर अस्पताल प्रबंधन और संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित के पैर का ऑपरेशन किया गया था, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में कथित रूप से हाथ का ऑपरेशन भी दर्शाया गया। आरोप है कि इसी आधार पर फर्जी बिल बनाकर सरकारी योजना से अतिरिक्त राशि निकाली गई। पीड़ित ने इसे सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बताया है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि ऑपरेशन के दौरान उससे ?10,000 नकद वसूले गए, जिसकी कोई रसीद नहीं दी गई। इसके अलावा उसके नाम से कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो उसे धमकाने का भी प्रयास किया गया। इन सभी आरोपों का उल्लेख पहले भेजे गए विधिक नोटिस में भी किया जा चुका है। पीड़ित का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो



सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में बड़े स्तर पर चल रहे कथित फर्जीवाड़े का खुलासा हो सकता है। उसने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में अन्य मरीजों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हो।

### डीडवाना के विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## बाल अपराध एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नाहरसिंह मीणा एवं सचिव विकास ऐचरा के निर्देशानुसार क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को बाल अपराध और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों के प्रति जागरूक किया गया। पूजा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विकास ऐचरा मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर चीफ विकास ठोलिया डिप्टी चीफ रोहिणी वैश्य, सहायक आरती सिखवाल, विद्यालय के निदेशक इंजी. रणजीतसिंह एव अध्यापिका पायल सोनी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल अपराधों से सुरक्षा तथा इंटरनेट व सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में




बीआरएम स्कूल डीडवाना में आयोजित शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ हरफूल राव और सहायक सुरेश विपुल कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक ने की वक्ताओं ने कानून की मूलभूत जानकारी और दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन के दौरान मनोज जीनगर सहायक फिरोज खान और एडवोकेट शौकत खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पीएम सोनदेवी बागड़ राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, डीडवाना के प्राचार्य एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## आज इन ग्राम पंचायतों में होगा फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में फॉलोअप ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर कमल सिंह यादव ने बताया कि बताया कि 22 जुलाई को उपखण्ड झालावाड़ की ग्राम पंचायत बड़ाय व कनवाड़ा, उपखण्ड असनावर की ग्राम पंचायत डूंगरगांव, उपखण्ड पिड़ावा की ग्राम पंचायत दुबलिया, सलोतिया एवं लालगांव, उपखण्ड भवानीमण्डी की ग्राम पंचायत आंकखेड़ी, उपखण्ड गंगधार की ग्राम पंचायत उमरिया, उपखण्ड अकलेरा की ग्राम पंचायत आमेठा, उपखण्ड मनोहरथाना की ग्राम पंचायत समरोल तथा उपखण्ड खानपुर की ग्राम पंचायत सरखण्डिया व आकोदिया में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नगर परिषद् झालावाड़ से संबंधित शहरी सेवा शिविर अम्बेडकर भवन में तथा अन्य नगर पालिकाओं से संबंधित शिविर संबंधित नगर पालिका कार्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में 22 विभागों की सहभागिता रहेगी, जहां आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी, पात्रता अनुसार लाभ, आवेदन, शिकायत निस्तारण एवं अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित शिविरों में पहुंचकर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करें तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## 'मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना' का पायलट जिला बना बारां सीएम ने दिया 'खेलो, जुड़ो, सीखो, बढ़ो' का मंत्र

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास और सर्वांगीण उन्नति के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना' की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बारां जिले को पायलट जिला चुना गया है। योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बारां के तीन होनहार युवाओं के साथ सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने युवाओं में नया उत्साह भरते हुए 'खेलो, जुड़ो, सीखो, बढ़ो' का मूल मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं में असीम प्रतिभा और क्षमताएं हैं, जिन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत बारां में योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद इसे संपूर्ण राजस्थान में विस्तारित किया जाएगा, जिससे हजारों युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## स्वामित्व का अधिकार मिलने से खिली मुस्कान, अब घर हुआ कानूनी रूप से सुरक्षित

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। ग्राम पंचायत नानोर, पंचायत समिति बकानी में आयोजित फॉलो-अप ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान ग्राम नानोर निवासी मांगीलाल पुत्र किशन सिंह सौंधिया को उनके मकान का स्वामित्व (पट्टा) प्रदान किया गया, जिससे वर्षों पुरानी उनकी चिंता दूर हो गई। मांगीलाल के पास अपने मकान का कोई वैध कानूनी दस्तावेज नहीं था। इसके कारण उन्हें कई प्रकार की प्रशासनिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मकान का स्वामित्व प्रमाणित नहीं होने से वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ भी नहीं उठा पा रहे थे। फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर में आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद प्रशासन द्वारा उनके मकान का स्वामित्व पट्टा जारी किया गया। अब उन्हें अपने मकान पर कानूनी अधिकार प्राप्त हो गया है और भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों की आशंका भी समाप्त हो गई है। पट्टा प्राप्त करने के बाद मांगीलाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'आज मुझे मेरे घर का पक्का कानूनी दस्तावेज मिल गया है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है। अब मुझे किसी भी प्रकार की चिंता नहीं रहेगी। मैं ग्राम पंचायत नानोर और जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।' स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को संपत्ति पर कानूनी अधिकार मिलने के साथ-साथ बैंक से ऋण प्राप्त करने में सुविधा, संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सरलता, विवादों में कमी तथा आत्मविश्वास एवं सम्मान में वृद्धि जैसे अनेक लाभ मिल रहे हैं। राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# 5वीं अनुसूची और पेसा की अनदेखी आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हैं : सांसद राजकुमार रोत

**बांसवाड़ा डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार रोत ने लोकसभा में नियम 377 के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में 5वीं अनुसूची और पेसा कानून के प्रभावी पालन का गंभीर मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 244(1) के तहत 5वीं अनुसूची आदिवासी समाज को विशेष संवैधानिक संरक्षण देती है, लेकिन आज अनेक केंद्रीय और राज्य कानून बिना संवैधानिक समीक्षा के अनुसूचित क्षेत्रों में लागू किए जा रहे हैं। इससे ग्राम सभाओं की शक्तियां कमजोर हो रही हैं तथा आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और परंपरागत अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। सांसद रोत ने सरकार से मांग की कि अनुसूचित क्षेत्रों में लागू सभी कानूनों की संवैधानिक समीक्षा कर उन्हें 5वीं अनुसूची और पेसा अधिनियम, 1996 के अनुरूप बनाया जाए। साथ ही ग्राम सभा की अनिवार्य सहमति सुनिश्चित करने और आदिवासी स्वशासन की रक्षा के लिए स्पष्ट एवं बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। राजकुमार रोत ने कहा कि '5वीं अनुसूची केवल संविधान की किताब का हिस्सा नहीं, बल्कि करोड़ों आदिवासियों के अस्तित्व, स्वशासन और संवैधानिक अधिकारों की गारंटी है। इसकी अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती।

## न्यूज़ विंडो

### गोमती सागर में बाढ़ से निपटने का संयुक्त मॉक ड्रिल

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** के झालरापाटन स्थित गोमती सागर तालाब पर संभावित बाढ़ से निपटने के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और भारतीय सेना का संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय और राहत-बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल के तहत मूसलाधार बारिश से तालाब का जलस्तर बढ़ने और 30 लोगों के फंसने का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हुआ और 146 जवानों ने मोटर बोट, लाइफ जैकेट तथा आधुनिक उपकरणों की मदद से सभी 30 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। स्थल पर बनाए गए अस्थायी राहत शिविर में घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया और गंभीर लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। ब्रिगेडियर संजय रावत, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सहित कई उच्च अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनेगा गुरूपूर्णिमा महोत्सव, गुरु पूजन व महाप्रसादी का भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला गुरु भक्ति का पावन पर्व गुरूपूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष 29 जुलाई को शहर के मुख्य डाकघर के सामने स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन महामंडलेश्वर बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न होगा, जिसकी तैयारियां मंदिर ट्रस्ट एवं भक्तों द्वारा जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव के तहत सुबह 9 बजे से गुरु पूजन का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालु महामंडलेश्वर बाबूगिरीजी महाराज को गुरु रूप में पूजकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान इच्छुक भक्तों को गुरु दीक्षा भी प्रदान की जाएगी, जिससे धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस पावन अवसर पर हनुमानजी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का भव्य आयोजन भी रखा गया है। मंदिर ट्रस्ट के रमेश बंसल, सांवरमल बंसल और महावीर अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि हर वर्ष गुरूपूर्णिमा के अवसर पर इस मंदिर में भीलवाड़ा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु गुरु पूजन हेतु पहुंचते हैं, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो जाता है।

### जिला कलक्टर की समीक्षा बैठक का सार




**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** में जिला कलक्टर देशलदान की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में आमजन को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देने पर बल दिया गया। उन्होंने समयबद्ध पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज के त्वरित निस्तारण और 140 स्कूलों में पेयजल सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को एफआरटी मॉनिटरिंग तथा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग को मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और एचपीवी टीकाकरण में तेजी लाने को कहा गया। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने, जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने तथा 31 अगस्त 2026 तक विस्तारित सेवा शिविरों से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

### प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ी, मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी किया येलो अलर्ट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में मानसून एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार आगामी दिनों में कोटा, भरतपुर, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों में गर्जन-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। संभावित अतिवृष्टि और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासनों ने आपदा प्रबंधन टीमों और बाढ़ नियंत्रण कक्षों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों की सतत निगरानी करने, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से आकाशीय बिजली चमकने के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

### एडीएम ने किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** में अतिवृष्टि और संभावित बाढ़ की स्थितियों से निपटने के लिए बनाए गए जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष का अतिरिक्त जिला कलक्टर कमल सिंह यादव ने सोमवार रात्रि औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं, संचार साधनों और कार्मिकों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय दूसरी पारी में तैनात पीईईओ युवराज सिंह अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर एडीएम ने गहरी नाराजगी जताई और व्यवस्थाओं को सुधारने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि मानसून को देखते हुए नियंत्रण कक्ष में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना तंत्र सक्रिय रखने और प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड जोधपुर-।**

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2026-27 NIB No. : AGM2627A0111**

जोधपुर खण्ड प्रथम के विभिन्न निर्माण कार्यो की ऑनलाईन निविदा (UBN No: AGM2627WSOB00676 to 684) ई-प्रोक्योरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb व www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता हैं।

राज.संवाद/सी/26/7290 अ.अ.।

**कार्यालय नगर परिषद, फलोदी जिला-फलौदी (राज0)**

क्रमांक/न0प0फ0/2026-27/2696 दिनांक :- 17.07.2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर परिषद फलोदी द्वारा परिषद क्षेत्र में 1 कार्य हेतु सक्षम एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 23.07.2026 को मध्याह्न 12:00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की विस्तृत जानकारी वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

Tender ID :- 2026_DLB_575669_1
UBN No. :- DLB2627WSOB10510

आयुक्त
नगर परिषद,फलोदी

राज.संवाद/सी/26/7307

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

जयपुर • जोधपुर • अजमेर से प्रकाशित

राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

सच्ची खबर, सच्चा असर




## हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए
## आज ही संपर्क करें

0141:2220403

8824399949 | 9828011251

**Website:** www.hukmnamasamachar.com

अपने क्षेत्र की खबरें, विज्ञापन, समाचार और जनसमस्याओं को
**हुक्मनामा समाचार** के माध्यम से जनता तक पहुँचाएं

निम्न जिलो के आसपास के इलाकें से जुड़ने के लिए

**आज ही संपर्क करें**

## नागौर • डीडवाना-कुचामन • झालावाड़
## बारां • सलूम्बर • प्रतापगढ़ • डूंगरपुर
## बांसवाड़ा • कोटा • बूंदी • उदयपुर
## चित्तौड़गढ़ • भीलवाड़ा

# वैशाली नगर में सड़क किनारे खुला गड्ढा बना हादसे का कारण, स्थानीय लोगों ने उठाई मरम्मत की मांग

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** शहर के वैशाली नगर क्षेत्र स्थित चौधरी कॉलोनी पॉइंट पर सड़क किनारे पिछले 10 से 15 दिनों से खुदा पड़ा एक बड़ा गड्ढा स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।



यह गड्ढा डॉ. दीपक सांखला के निवास (ए-9, मानसरोवर कॉलोनी) के ठीक सामने स्थित है। बरसात के दिनों में इसमें पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे के आसपास किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग नहीं की गई है। ऐसे में रात के समय या बारिश के दौरान वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार दोपहिया वाहन चालक गड्ढे के पास असंतुलित होते-होते बचे हैं और यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। निवासियों ने संबंधित विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि गड्ढे को तत्काल भरवाया जाए तथा स्थायी रूप से सड़क की मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में इस प्रकार खुले गड्ढे आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाते हैं और प्रशासन को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या का समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होने से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और आमजन को सुरक्षित आवागमन की

## अभ्यर्थी 23 जुलाई से 21 अगस्त तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा फिजियोथैरेपिस्ट (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं विभाग) के कुल 20 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 जुलाई से 21 अगस्त 2026 तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

## 23 जुलाई को नरवर ग्राम में होगा सघन पौधारोपण, 100 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** श्री दिगंबर जैन महासमिति, अजमेर संभाग द्वारा अध्यक्ष अतुल पाटनी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान के अंतर्गत 23 जुलाई (गुरुवार) प्रातः 9:00 बजे नरवर ग्राम में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महासमिति के महामंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमल गंगवाल ने बताया कि महासमिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी के संयोजन में भामाशाह श्रीमान उत्तम जी निर्मला जी अंकित जी माधुरी जी गंगवाल के द्वारा नरवर स्थित गोडविल विद्यालय परिसर एवं आसपास के सुरक्षित स्थानों पर 5 से 6 फीट ऊंचाई के छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए जाएंगे। उपरोक्त कार्यक्रम साधना महोदधी, तपाचार्य अन्तर्मना 108 प्रसन्न सागर जी महाराज के 57 वे अवतरण दिवस पर आयोजित होगा गंगवाल ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान महासमिति द्वारा अजमेर एवं आसपास के सुरक्षित क्षेत्रों में 100 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सीसीटीवी कैमरे का सुभाष नगर फाटक बन्द होने से महत्व हो गया गौण-आरओबी के नीचे लगवाया जाये



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** सुभाष नगर ब्यावर रोड पुरानी चुंगी चैकी चैराहा रेल फाटक की ओर जाने वाले मोड पर जहां पर कि सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं वहां वर्तमान में रेल फाटक स्थाई रूप से बन्द हो जाने से कोई उस स्थान पर सीसीटीपी कैमरे का विशेष महत्व नही रहा है।श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के सरदार भजन सिंह ने बताया कि क्योंकि इस कैमरे की केचप पावर के आड़ में यहां पेड़ पौधे आ जाते हैं और इस कैमरे को मुख्य रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे मुख्य चैराहे पर लगवाने की मांग श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो सरदार भजन सिंह और महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने जिलाधीश लोक बंधु और पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला से की है। सरदार भजन सिंह और महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि रेल फाटक बन्द हो जाने से सीसीटीवी कैमरों का उचित स्थान पर लगवाकर उचित प्रयोग किया जाना चाहिये।सुभाष नगर ब्यावर रोड के संरक्षक राम सिंह आसर्वा,हितेष माहेश्वरी, कपिल देव, प्रदीप कुमार, रामपाल सेन एवं अन्य ने मांग की है।

# पद बदलते ही जिम्मेदारियों भी बढ़ती है : दवे

## तीन सेवा कार्यों से किया पदस्थापना समारोह



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** लायन्स क्लब अजमेर शौर्य का बहुप्रतीक्षित पदस्थापना समारोह वैशाली नगर स्थित होटल लेक विनोरा में फ्लाइट ऑफ ड्रीम्स की थीम पर भव्य समारोह के साथ आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन ओ एल दवे ने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम फहराया है।

अजमेर का एकमात्र क्लब है जिसमें सभी महिलाएं है। पदस्थापना अधिकारी के रूप में पूर्व मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी लायन सतीश बंसल नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि महिलाओं में सेवा की भावना ज्यादा होती है, इसीलिए क्लब की सभी महिलाएं सक्रियता से कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि उपप्रांतपाल प्रथम सी पी विजयवर्गीय, कोटा ने नए सदस्यों को शपथ दिलाते हुए कहा कि कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सिर्फ पद बदला है, लेकिन उससे ज्यादा जवाबदारियां भी बढ़ गई है कि पहले की तुलना में ज्यादा सेवा कार्य करे। समारोह में निवर्तमान प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग, पूर्व प्रांतपाल लायन सुधीर सोगानी, सम्भागीय अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन रीना श्रीवास्तव, लायन चेतना उपाध्याय भी मौजूद थे। इससे पूर्व अतिथि ने मेल्विन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वज वंदना लायन शारदा वर्मा ने पढ़ी। अतिथि का परिचय लायन अंशु बंसल ने दिया। इस समारोह में प्रेसिडेंट लायन सुशीला राठौड़, सेक्रेटरी लायन विनीता सिंह एवं कोषाध्यक्ष लायन मंजूबाला गुप्ता के नेतृत्व में क्लब की नई कार्यकारिणी का विधिवत लायनेस्टिक ईयर 2026-27 के लिए पदस्थापन किया गया। विभिन्न क्लब के पदाधिकारियों ने सभी लायन सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने समारोह में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। कार्यक्रम का संयोजन लायन सीमा शर्मा ने किया। आभार लायन जागृति केवलरमानी ने व्यक्त किया। लायन मधु फतेहपुरिया द्वारा एक जरूरतमंद व्यक्ति को व्हीलचेयर, लायन रीना श्रीवास्तव की ओर से लाडली घर में दो कूलर, स्व ललिता देवी की स्मृति में दसवीं ग्यारहवीं में सर्वाधिक नंबर लाने वाली दो बालिकाओं को शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर कला चोहान, लायन सुनीता शर्मा, लायन आभा गांधी, लायन शैलेश बंसल, लायन राजकुमारी पांडे, लायन बीना तोतलानी, लायन अतुल विजयवर्गीय, लायन अनिल उपाध्याय, लायन अनूप गौड़, लायन महेंद्र मित्तल, लायन अशोक जैन, लायन नरेश ऐरन, लायन नरपत भंडारी , लायन अंशु प्रदीप बंसल, लायन शिखा सोगानी, लायन हरीश गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।

ADVT

श्री सिंधी सेंट्रल पंचायत सोसायटी रजिस्टर्ड द्वारा चिकित्सा परामर्श शिविर सेवादारियो का सम्मान किया

# महिला मण्डल की सेवादारी महिलाओं को अध्यक्ष कीर्ति मंगलानी ने किया सम्मान



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना कीमती समय निकालकर सेवा सहयोग एव योगदान देने वाले सभी सदस्यो का बहुत बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करते हुए अध्यक्ष कीर्ति मंगलानी ओर अध्यक्ष प्रेम मंगलानी ने सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला विंग की अध्यक्ष कीर्ति मंगलानी ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने मे आदि शक्ति सेवा संगठन की महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला जिनकी वजह से यह आयोजन सफल हुआ जिनमें पूनम मोतियानी, जागृति गिद्धवानी, कोमल मोतियानी, अनु साधवानी, कनिका कीर्तानी, हर्षिता रामचंदानी, शोभा जैसवानी, माला कांजानी, पूनम रामरख्यानी, साक्षी भाटिया, कशिश विद्यानी, प्रिया रामरख्यानी, भावना लौंगानी, रेनू गुरनानी, दीप्ती सावलानी, मोना मलकानी, रिया डोलवानी, राशि नावानी, बिंदु सेवानी, इत्यादि महिलाएं सम्मलित थी। आयोजक मण्डल के दीपक रामचन्दानी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी को बताया कि पंचायत के तत्वावधान में महिला मण्डल द्वारा भी सेवा के कार्यों में विशेष योगदान रहता है।

## कांग्रेस का 'अजमेर बंद' केवल राजनीतिक नौटंकी

**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शफीक खान ने कांग्रेस पार्टी द्वारा 23 जुलाई को प्रस्तावित 'अजमेर बंद' के आह्वान का घोर विरोध एवं कड़ा खंडन किया है। खान ने इसे कांग्रेस की हताशा, बौखलाहट और जनता को गुमराह करने वाली ओछी राजनीति करार दिया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आनासागर झील के संवेदनशील मुद्दे पर जनसेवा करने के बजाय केवल राजनीति चमकाने का प्रयास कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा सरकार और कार्यकर्ता स्वयं धरातल पर उतरकर 22 से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय व्यापक सफाई एवं श्रमदान अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस दुकानें बंद कराकर व्यापारियों, रोज कमाने-खाने वाले गरीबों, ठेले-रेहड़ी वालों और आम नागरिकों का रोजगार छीनने पर तुली है। कांग्रेस जब सत्ता में थी तब उसने झील संरक्षण के लिए कुछ नहीं किया और अब जब भाजपा सरकार स्थिति सुधारने और सफाई अभियान में जुटी है।

## लायंस क्लब ने निभाया सामजिक सरोकार जरूरतमंदों को वितरित की मिठाई



**केकड़ी,(हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब केकड़ी द्वारा मानव सेवा के संकल्प को साकार करते हुए जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों के बीच मिठाई के 103 पैकेट वितरित किए गए। क्लब सदस्यों ने कहा कि त्योहारों और खुशियों का वास्तविक आनंद तभी है, जब समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर भी मुस्कान लाई जाए। इस सेवा कार्य के माध्यम से अनेक परिवारों के साथ खुशियां साझा की गईं। क्लब अध्यक्ष लायन दिनेश स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि लायंस क्लब सदैव सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी सदस्यों का इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा प्रकल्पों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन आनंद स्वरूप कलवार व नरेंद्र कुमार मेवाड़ा ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने जरूरतमंद परिवारों से आत्मीय संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सेवा कार्य को स्थानीय नागरिकों ने सराहते हुए लायंस क्लब के सामाजिक दायित्व एवं मानवीय संवेदनाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर सचिव लायन ष्ट विकास माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष लायन आशाराम जांगिड़, लायन हितेश मेवाड़ा, उपस्थित थे ।


## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक: न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/2613 दिनांक : 21.07.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 84 | गोविन्द सिंह नरूका पुत्र मोहन सिंह नरूका | अरिहन्त विस्तार (खटोड़) बरल द्वितीय ख.सं. 920 भू.सं. 06 का पूर्वी हिस्सा | 51.09 Sq.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/2607 दिनांक : 21.07.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | मोहित लखारा पुत्र स्वर्गीय कन्हैयालाल लखारा | गुर्जर मौहल्ला बिजयनगर ब्लॉक नं. 24 (क) प्लॉट नं. 33/1 | 232.62 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर


## चामुण्डा माता मन्दिर में गणमान्य लोगो का मन्दिर कमेटी द्वारा किया गया दुपटटा-माला पहनाकर सम्मान



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** चामुण्डा माता मन्दिर वरूण सागर फायसागर रोड में प्रमुख गणमान्य लोगो का मन्दिर कमेटी और कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मण सिंह पंवार परिवार के कर कमलो द्वारा आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड,श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी, पत्रकार प्रवीण कुमार,विज्ञान नगर बाजार के श्याम लाल सोनी, दरगाह बाजार के अध्यक्ष किशन छबलानी, अध्यापिका श्रीमती प्रीति, सुश्री वंशिका, सुश्री सुश्री चेष्टा,श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द मूरजानी एवं अन्य दुपटटा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। महासंघ के महासचिव रमेश्ज्ञ लालवानी ने बताया कि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पुरानी मण्डी व्यापारिक ऐसोसिएशन के लक्ष्मणसिंह पंवार परिवार के द्वारा वरूण सागर फायसागर रोड स्थित चामुण्डा माता मन्दिर में सोने का छत्र चडाये जाने के अवसर पर उपरोक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन्न पर मुख्य मन्दिर के नीचे ही स्थापित भैरू बाबा के मन्दिर में राजेन्द्र मूरजानी, रमेश लालवानी,प्रवीण कुमार,श्रीमती प्रीति,श्याम सुन्दर सोनी, सुश्री वंशिका,सुश्री सुश्री चेष्टा आदि के नेतृत्व में पूजन करके विश्व शान्ति व खुशहाली की प्रार्थना की गई।

# गुरु पूर्णिमा उत्सव 29 जुलाई को, नवोदित साधक बिखेरेंगे शास्त्रीय संगीत के रंग

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** सप्तक, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, अजयमेरू प्रेस क्लब, अजमेर संगीत कला केंद्र, और संगीता स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। ये समारोह शहर के तीन प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ--गुरुजनों पंडित गोविंद राव राजुरकर, पंडित इंद्रनारायण माथुर और पंडित कन्हैयालाल मधुकर को समर्पित होगा। समारोह का मुख्य आकर्षण शास्त्रीय संगीत को समर्पित शहर के नवोदित साधकों की प्रस्तुति होगी। सप्तक के अध्यक्ष ललित चतुर्वेदी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन वैशाली नगर स्थित अजयमेरू प्रेस क्लब में आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2083 (बुधवार, 29 जुलाई ) को शाम 5 बजे से किया जाएगा। समारोह में संगीतज्ञ कुलदीप सिंह जी चौहान को पंडित गोविंद राव जी राजुरकर, पंडित इंद्र नारायण जी माथुर और पंडित कन्हैया लाल जी मधुकर की स्मृति में सम्मानित भी किया जाएगा। उन्हें सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपए नकद, स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी जी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुनील दत्त जी जैन होंगे। महासचिव वर्तिका शर्मा ने बताया कि कुलदीप जी चौहान ने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा-दीक्षा सुरेश जी त्रिवेदी से प्राप्त की। कुलदीप जी ने उनके सान्निध्य में भूषण व विशारद की डिग्री प्राप्त की। वे राजुरकर संस्थान और सुर संगम की ओर से आयोजित संगीत प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। सप्तक, सुरताल सहित अन्य संस्थाओं से जुड़े कुलदीप जी के कई राजस्थानी, धार्मिक और विवाह के गीतों के कई एलबम भी रिलीज हो चुके हैं। उन्होंने प्रसिद्ध लोकगायक आईएएस रवि प्रकाश जी से लोक संगीत की बारीकियां भी सीखीं। वे लोकगायन में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पुरस्कार जीत चुके हैं। वर्तमान में वे संगीत की नई पीढ़ी को गायन और वादन (हारमोनियम, ढोलक, तबला वायलिन, सितार) का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। समारोह की व्यवस्थाओं के लिए सोमवार को केशव नगर में आयोजित बैठक में सप्तक के ललित कुमार जी शर्मा, नरेंद्र कुमार जी जैन, मनोज डबराल, रविंद्र जैन, नटवर गोपाल गोयल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार जी शर्मा, अजयमेरू प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. रमेश जी अग्रवाल, संगीता स्मृति सेवा संस्थान के संस्थापक सुनील दत्त जी जैन, अजमेर संगीत कला केंद्र के मुकुल मधुकर, देवेंद्र माथुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खड़गे का जन्मदिन मनाया

**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन आज अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में मनाया गया।


## कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल अजमेर

क्रमांक : 674 दिनांक : 21.07.2026

-: जाहिर आम सूचना :-

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 10/17 वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 184.50 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री प्रवीण मिश्रा पुत्र श्री जोगेश्वर प्रसाद मिश्रा. को आवंटित कर दिनांक 09.12.1986 को उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री प्रवीण मिश्रा पुत्र श्री जे.पी. मिश्रा द्वारा दिनांक 09.08.1990 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्री प्रवीण मिश्रा द्वारा मुख्त्यारनामा श्री जे.पी. मिश्रा पुत्र स्व. श्री देवदत मिश्रा के पक्ष में निष्पादित किया गया। मुख्त्यारनामा के आधार पर श्री जे.पी. मिश्रा पुत्र स्व. श्री देवदत मिश्रा द्वारा आवास का बैचान श्री आलम अली खां पुत्र श्री हाजी कल्लू खां को दिनांक 02.04.1993 को कर दिया गया। श्री आलम अली खां की मृत्यु दिनांक 12.11.2020, श्रीमती ऐजन बेगम उर्फ अजान बेगम की मृत्यु दिनांक 03.11.2017, श्री उसमान खान की मृत्यु दिनांक 12.09.2012 को जाने के कारण सदीक 'मौहम्मद खान, जब्बार अली खान पुत्रगण स्व. आलम अली खान, श्रीमती गुलशन पत्नि स्व. श्री उस्मान खान, सीमरन पाडियान, शबनम पाडियान एवं रूखसार पाडियान पुत्रीगण स्व. उस्मान खान द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब सदीक मौहम्मद खान, जब्बार अली खान पुत्रगण स्व. आलम अली खान, श्रीमती गुलशन पत्नि स्व. श्री उस्मान खान, सीमरन पाडियान, शबनम पाडियान एवं रूखसार पाडियान पुत्रीगण स्व. उस्मान खान ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। सदीक मौहम्मद खान, जब्बार अली खान पुत्रगण स्व. आलम अली खान, श्रीमती गुलशन पत्नि स्व. श्री उस्मान खान, सीमरन पाडियान, शबनम पाडियान एवं रूखसार पाडियान पुत्रीगण स्व. उस्मान खान का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

## सम्पादकीय...

### मिस हैंडलिंग भारी पड़ेगी



दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन को सरकार ने जितनी दबाने की कोशिश की है उतना ही यह भड़क गया है माना जा रहा है कि सरकार की इस मामले में मिस हैंडलिंग हुई है इसी के चलते विपक्षी दलों को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का मौका मिल गया है। मोदी सरकार ने पिछले 12 साल में एक काम बड़ी सफाई से किया कि किसी भी बड़े मुद्दे को दबाने के लिए दूसरा मुद्दा खड़ा कर दिया इस बार राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को दबाने के लिए सरकार ने छात्रों के आंदोलन को बढ़ने दिया यह आंदोलन इतना बढ़ जाएगा सरकार के प्रबंधकों ने सोचा भी नहीं था। दरअसल सोनम वांगचुक के अनशन के बाद यह आंदोलन एक नया रूप ले गया था अंतरराष्ट्रीय कवरेज के साथ युवाओं का लगातार जुड़ाव इसको ताकत देता रहा इसलिए सरकार ने इसे छेड़ने की कोशिश नहीं की हाई कोर्ट के ऑर्डर के बाद सोनम वांगचुंग को उठाकर अस्पताल में भर्ती करके सरकार ने सोचा कि यह आंदोलन अब तोड़ा जा सकता है इसीलिए जंतर मंतर से संसद मार्च को दबाने की कोशिश की गई इसके बाद यह आंदोलन अब बेकाबू दिख रहा है इस मामले को लेकर सोमवार के बाद मंगलवार को भी संसद में हंगामा रहा और विपक्ष की दलों को एक बड़ा मुद्दा मिल गया ऐसा मुद्दा जिस पर सरकार इतनी जल्दी बेबस हो गई है, कारण साफ है कि यह आंदोलन गांव-गांव में फैल जाएगा। कभी छात्र और युवा भाजपा की ताकत होते थे सत्ता के शिखर पर पहुंचने में इस वर्ग का तथा हिंदू समाज का बड़ा योगदान रहा है लेकिन चढ़ावा चोरी और छात्र आंदोलन के बाद दोनों ही वर्ग सरकार से बहुत दूर हो गए हैं इसका खामियाजा भाजपा को उठाना होगा।

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

2009: दुनिया ने 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण देखा।
2012: प्रणब मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति बने।
2019: चंद्रयान-2 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।
1981: भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह ऐपल ने कार्य करना शुरू किया।

-धर्म चंद मेहता

### क्रॉस फायर

- ❑ चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में हंगामा।
- ◆ वहां सरकार रोक नहीं सकती।
- ❑ कॉकरोच जनता पार्टी ने जंतर मंतर से संसद तक निकाला मार्च।
- ◆ यह तो शुरुआत है।
- ❑ प्रधानमंत्री बोले देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है जहां तथ्य तर्क है वहां तूफान की जगह नहीं।
- ◆ तूफान उठ गया तो तथ्य और तर्क सब धरे रह जाएंगे।
- ❑ मल्लिकार्जुन खड़गे बोले जंतर मंतर पर लाठीचार्ज से बच्चों की आवाज दबा रही सरकार।
- ◆ सब की आवाज दबाने का एक ही तरीका।
- ❑ राहुल गांधी बोले बच्चों ने शिक्षा के जायद सवाल उठाए तो जवाब में मिली लाठी और हिरासत।
- ◆ इस सरकार को सवाल सुनने की आदत नहीं।
- ❑ राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को दोबारा एसआईटी बनाने के दिए निर्देश।
- ◆ असली आरोपी तो तब भी नहीं पकड़े जाएंगे।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले अधिकारी बहाने नहीं बनाएं समय पर काम करें।
- ◆ बहाने तो नेता ज्यादा बनाते हैं।
- ❑ अब 31 अगस्त तक लगेंगे शहरी ग्रामीण सेवा शिविर।
- ◆ चुनाव प्रचार भी हो जाएगा।

.............अंजू लोढ़ा

### आज का राशिफल

**बुधवार 22 जुलाई, 2026**

**मेष राशि:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपने बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा जो भविष्य में लाभदायक रहेगा।

**वृषभ राशि:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडने् से बचें।

**मिथुन राशि:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।

**कर्क राशि:** अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद लेनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन ना खुश होंगे।

**सिंह राशि:** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दुसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग हैं।

**कन्या राशि:** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**तुला राशि:** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आए परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सोहार्द बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** अपने हिसाब से जिंदगी जीना पसंद करेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भूमि-भवन संबंधी विवादों का अंत होगा।

**धनु राशि:** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मकर राशि:** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी में मधुर रहें।

**कुम्भ राशि:** सेहत को नजरअंदाज न करें। आनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। अपने संपर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे।

**मीन राशि:** जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ में सुधार होगा।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट-** अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# नीट में सीट की जंग, अब काउंसलिंग चुनौती




डॉ. मोनिका शर्मा

**जिस गति से एमबीबीएस की सीटें बढ़ रही हैं। इससे यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि क्या एमबीबीएस करना अब सही है। इसके बावजूद समाज और स्वास्थ्य प्रणाली में एमबीबीएस डॉक्टर की उपयोगिता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है। बदलते दौर में एमबीबीएस की उपयोगिता इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चिकित्सा मानव जीवन की रक्षा का एकमात्र जरिया है।**

री-नीट-2026 का रिजल्ट नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें कुल 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इस वर्ष देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से ऑल इंडिया रैंक वन हासिल की है। राजस्थान के उपलक्ष्य को तीसरी रैंक मिली है। हर कोई अब इस गणित में उलझा है कि उसको अच्छा सा मेडिकल कॉलेज मिल जाए। इसके लिए अभिभावकों के सामने अब प्रवेश के लिए काउंसलिंग कराना बड़ी चुनौती साबित होगा, क्योंकि हर पेरेंट्स चाहेगा कि उसके बच्चे को अच्छा मेडिकल कॉलेज मिले। इसके लिए उसे काउंसलिंग बहुत सावधानी से करनी होगी। पेरेंट्स को चाहिए कि वह पिछले दो सालों की रैंक देख लें कि किस रैंक पर कौनसा कॉलेज मिला है। इसके आधार पर वह प्री तैयारी कर लें। इससे उसका काम काफी आसान हो जाएगा। हालांकि इस बार नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने देश में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाकर 1,36,939 कर दी है। राजस्थान हमेशा से नीट के लिए एक हाई-मेरिट राज्य रहा है। डाटा के अनुसार, राजस्थान में कुल सीटों की संख्या 7,205 है। राज्य के सरकारी और सोसाइटी संचालित कॉलेजों को मिलाकर कुल 4,505 सीटें उपलब्ध हैं। इसी तरह से हाल ही में मिली 900 नई प्राइवेट सीटों की मंजूरी के बाद राजस्थान में प्राइवेट कॉलेजों की सीटें बढ़कर 3600 हो गई हैं। राजस्थान में सरकारी सीट पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहेगी, क्योंकि राजस्थान से 1.33 लाख विद्यार्थियों ने नीट क्वालिफाई किया है। जिस गति से देश में एमबीबीएस की सीटें बढ़ रही हैं। इससे अब यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि क्या एमबीबीएस करना अब सही रहता है। इस सबके बावजूद समाज और स्वास्थ्य प्रणाली में एमबीबीएस डॉक्टर की उपयोगिता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है। बदलते दौर में एमबीबीएस की उपयोगिता इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चिकित्सा केवल एक कॅरियर नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का एकमात्र जरिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार, प्रति एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होना अनिवार्य है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में यह अनुपात अभी भी ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में बेहद असंतुलित है। आज भी देश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण अस्पतालों को योग्य एलोपैथिक डॉक्टरों की सख्त जरूरत है। महामारी के दौर ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा उसकी स्वास्थ्य प्रणाली पर टिकी होती है और उस प्रणाली की रीढ़ की हड्डी एमबीबीएस डॉक्टर ही होते हैं। इसके अलावा, आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों (जैसे डायबिटीज, हार्ट अटैक और मानसिक तनाव) के सटीक इलाज और परामर्श के लिए समाज को हमेशा एक सर्टिफाइड डॉक्टर की जरूरत रहेगी। यह एक ऐसा पेशा है, जिसे कभी भी कोई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या मशीन पूरी तरह रिप्लेस नहीं कर सकती, क्योंकि मरीजों को इलाज के साथ-साथ मानवीय संवेदना और भरोसे की आवश्यकता होती है, जो केवल एक डॉक्टर ही दे सकता है। इसी उपयोगिता के कारण आज भी समाज में एमबीबीएस को लेकर लोगों की सोच बेहद सकारात्मक, लेकिन व्यावहारिक हो चुकी है। जहां एक तरफ इसे आज भी देश का सबसे गरिमापूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक पेशा माना जाता है, वहीं दूसरी तरफ अब लोग इसके पीछे के मानसिक तनाव और लंबी अवधि को लेकर जागरूक हो रहे हैं। पेरेंट्स अब केवल डॉक्टर टैग के लिए बच्चों पर दबाव बनाने से बच रहे हैं। इसके अलावा, प्राइवेट कॉलेजों की करोड़ों रुपए की फीस और उसके बदले मिलने वाले शुरुआती वेतन (रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट) को लेकर लोग काफी व्यावहारिक सोच रखने लगे हैं। इतना जरूर है कि केवल एमबीबीएस (यूजी) डिग्री की वैल्यू वैसी नहीं रहेगी जैसी पहले थी, क्योंकि अब स्पेशलाइजेशन अनिवार्य होता जा रहा है। भविष्य में एक सफल डॉक्टर बनने के लिए एमबीबीएस के बाद एमडी (एमडी), एमएस (एमएस) या सुपर स्पेशलाइजेशन करना आवश्यक होगा, क्योंकि मरीज क्वालिटी यानी कुशल डॉक्टर पर भरोसा करते हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने हाल ही में 25 नए मेडिकल कॉलेजों और 9,911 नई सीटों को मंजूरी दी है, जिसके बाद भारत में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या 1,36,939 हो गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश के 441 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 63,296 सीटें हैं, जहां फीस कम रहती है, जबकि 382 प्राइवेट और डीम्ड विश्वविद्यालयों में 73,643 सीटें हैं, जहां कट-ऑफ कम, लेकिन फीस अधिक होती है। इस साल 21 जून को दोबारा आयोजित री-नीट परीक्षा के कारण इस साल का परिणाम अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें 700 से अधिक अंक पाने वाले केवल 19 छात्र हैं, लेकिन असली प्रतिस्पर्धा 600-700 अंकों के बीच 10,000 छात्रों के बीच है। वहीं सामान्य वर्ग के लिए क्वालीफाइंग कट-ऑफ 213 अंक और आरक्षित श्रेणियों के लिए 177 अंक रही है, जिसके चलते 600-650 अंक लाने वाले छात्रों को भी सरकारी सीट के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। बहुत से लोग ऐसे हैं, जो जल्दी पैसा कमाना चाहते हैं। यदि लक्ष्य केवल जल्दी पैसा कमाना है, तो एमबीबीएस सही विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि इसमें साढ़े पांच साल की पढ़ाई और उसके बाद पीजी करने में समय लगता है। हालांकि यदि मानवता की सेवा करने का जज्बा, असीमित धैर्य और लगातार पढ़ने की इच्छा है, तो यह दुनिया का सबसे बेहतरीन और नोबल प्रोफेशन बना रहेगा, जहां डॉक्टर की उपयोगिता और सम्मान कभी भी कम नहीं होगा।

# रुग्णावस्था में है भवाली का टी.बी.सेनेटोरियम



प्रयाग पाण्डे

पृथक उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व में आए चौथाई सदी बीत गई है। इतने लंबे अंतराल में यह राज्य ऐसा कोई संस्थान नहीं बना सका, जिसकी राष्ट्रीय फलक पर पहचान स्थापित हो पाई हो। इसके उलट राज्य बनने के बाद एक दौर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राज्य रक्षालस संस्थान (वैक्सीन इंस्टीट्यूट) पटवाडांगर (नैनीताल) अब अस्तित्व विहीन हो गया है। यहाँ जो नामी संस्थान बचे हैं, वे भी बदहाली की स्थिति में पहुँच गए हैं। इन्हीं में एक है - टी. बी. सेनेटोरियम, भवाली। पिछले एक सौ सोलह वर्षों तक देश भर के हज़ारों - लाखों लोगों को तपेदिक जैसी जानलेवा बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए प्रसिद्ध भवाली का टी.बी. सेनेटोरियम आज खुद उपेक्षा और लापरवाही नामक लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है। रुग्णावस्था में पहुँच गया है। भवाली के टी.बी. सेनेटोरियम का एक सौ सोलह वर्ष का उपलब्धियों भरा अतीत रहा है। एक सदी पहले जब तीसरी दुनिया के गरीब मुल्कों में टी.बी. की बीमारी का जबरदस्त प्रकोप था। तब टी.बी. को संक्रामक यानी एक से दूसरे को फैलने वाला खतरनाक रोग माना जाता था। टी. बी. के रोगियों को समाज से दूर रखा जाता था। दुनिया के गरीब मुल्कों के अधिकांश लोग टी.बी. की बीमारी से जूझ रहे थे। यह बीमारी तीसरी दुनिया के देशों के गरीब और निर्धन लोगों की मौत का सबसे बड़ा कारण बनी हुई थी। तपेदिक की बीमारी का आधुनिक वैज्ञानिक विधि से मुकाबला करने के लिए पहाड़ी क्षेत्र में एक बड़ा सेनेटोरियम बनाने की जरूरत सिद्दत से महसूस की जाने लगी थी। भवाली की आबोहवा एवं वातावरण तपेदिक से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए सर्वथा उपयुक्त था। यहाँ समुद्र सतह से छह हजार फिट ऊँचाई पर स्थित चीड़, बांज, देवदार, बुरांश आदि के जंगल से घिरी एक शांत और एकांत पहाड़ी थी। इसे 'भवाली स्टेट' नाम से जाना जाता था। प्रकृति के बीच स्थित इस स्वास्थ्यवर्धक स्थान को टी.बी. सेनेटोरियम के लिए आदर्श समझा गया। तब रामपुर रियासत के तत्कालीन नवाब हामिद अली खां भवाली स्टेट के मालिक थे। यह रामपुर रियासत के तत्कालीन नवाब की ग्रीष्मकालीन आरामगाह थी। अंग्रेजों के आग्रह पर रामपुर के तत्कालीन नवाब हामिद अली खां ने यहाँ स्थित खुद की विशाल कोठी एवं दूसरे मकानात सहित भवाली स्टेट की सवा दो सौ एकड़ जमीन सेनेटोरियम बनाने के लिए दान में दे दी। 1912 में यूनाइटेड प्रोविंसेज (अविभाजित उत्तर प्रदेश) के आगरा और अवध के जागरूक नागरिकों ने किंग एडवर्ड सप्तम की याद में भवाली टी. बी. सेनेटोरियम की स्थापना की। तब इसका नाम 'किंग एडवर्ड सप्तम सेनेटोरियम' रखा गया था। सेनेटोरियम की शुरुआत 48 बिस्तरों के अस्पताल से हुई। सेनेटोरियम का संचालन ग्यारह सदस्यीय एक ट्रस्ट द्वारा किया जाता था। उच्च पदस्थ न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी और समाज के ख्यातिलब्ध लोग ट्रस्ट के सदस्य होते थे। प्रारंभिक काल में सेनेटोरियम मार्च से नवंबर माह तक वर्ष में नौ महीने खुलता था। शुरुआती दो दशक में ही यह उत्तर भारत का मुख्य टी.बी. सेनेटोरियम बन गया था। अक्टूबर,1929 में यहाँ आधुनिकतम एक्स - रे मशीन लग गई थी। सर्व सुविधा संपन्न आपरेशन थियेटर और पैथोलॉजी लैब पहले ही बन चुकी थी। तब यहाँ बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जेनरेटरों के सहारे विद्युत व्यवस्था की जाती थी। 1937 तक सेनेटोरियम में बिस्तरों की संख्या 140 हो गई थी। उन दिनों जिन रोगियों को सेनेटोरियम में बिस्तर उपलब्ध नहीं हो पाते थे, वे भवाली, भूमियाधार आदि आसपास के कस्बे - गाँवों में किराए का घर लेकर यहाँ अपना इलाज कराते थे। यूरोपियन पुरुष रोगी सेनेटोरियम के विशाल परिसर में खुले में तंबू गाड़ कर रहा करते थे। 1940 के दशक में भवाली सेनेटोरियम अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुका था। तब इसे एशिया का दूसरे नंबर का सेनेटोरियम माना जाता था। उस दौर में देश की अनेक नामचीन हस्तियां इलाज के लिए यहाँ भर्ती रहीं। जिनमें श्रीमती कमला नेहरू, सर कैलाश नाथ काटजू, महान साहित्यकार यशपाल, उन्नाव के क्रांतिकारी गया प्रसाद शुक्ला, शौकत अली बंधु और उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूर्णानंद की पत्नी आदि शामिल थे। श्रीमती कमला नेहरू का 1926-27 में स्विजरलैंड में तपेदिक का इलाज हुआ था। पुन: लक्षण उभरने पर उन्हें 11अक्टूबर, 1934 को भवाली लाया गया था, वे कुछ वक्त भवाली के एक घर में रहीं। कमला नेहरू की तीमारदारी के लिए फिरोज गाँधी उनके साथ थे। कमला नेहरू को 10 मार्च, 1935 को भवाली सेनेटोरियम में भर्ती कराया गया। वे 15 मई,1935 तक यहाँ भर्ती रहीं। उन दिनों पंडित जवाहर लाल नेहरू इलाहाबाद की नैनी जेल में बंद थे। कमला नेहरू की अस्वस्थता के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने पंडित नेहरू को नैनी जेल से जिला जेल, अल्मोड़ा स्थानांतरित कर दिया था। 27 अक्टूबर,1934 को पंडित नेहरू ने भवाली में कमला नेहरू से भेंट की। पंडित जवाहर लाल नेहरू अल्मोड़ा जिला जेल से पाँच बार कमला नेहरू से मिलने भवाली सेनेटोरियम आए थे। टी.बी. जैसी जानलेवा बीमारी से मुकाबला करने में भवाली सेनेटोरियम की उल्लेखनीय भूमिका के मद्देनजर देश के तत्कालीन शीर्षस्थ नेता, उच्च न्यायिक अधिकारी, अंग्रेज आला अफसरान एवं अन्य नामचीन लोग अक्सर भवाली सेनेटोरियम का दौरा किया करते थे। 16 जून,1929 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ने यहाँ का भ्रमण किया था। 1935 में यूनाइटेड प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर सर हैरी हेग सपत्नीक यहाँ आए। सर हैरी हेग की पत्नी ने सेनिटोरियम में मनोरंजन कक्ष के निर्माण के लिए पाँच सौ रुपए भी दिए थे। इसी वर्ष सेठ जमनालाल बजाज ने भी सेनिटोरियम का दौरा किया था। उन्होंने श्रीमती कमला नेहरू के नाम से एक कॉटेज के निर्माण के लिए एक हजार रुपए दान दिए। कमला नेहरू ने खुद भी सेनेटोरियम में भर्ती रोगियों के मनोरंजन के लिए पियानो भेंट किया था। भवाली सेनेटोरियम में भर्ती महिला और पुरुष रोगियों के लिए अलग- अलग मनोरंजन कक्ष बने हुए थे।

## क्यों फट जाते है बादल और क्यों गिरती है आसमान से बिजली



बाल मुकुन्द ओझा

मानसून अपने साथ जहां खुशियों की सौगात लेकर आते है वहीं मानसून के खतरे भी कम नहीं है जिससे हर साल सैंकड़ों लोग अकाल काल कलवित हो जाते है। अतिवृष्टि, बाढ़, आकाशीय बिजली और बादल फटने की घटना आम बात हो गई है। मॉनसून आने के साथ ही आए दिन बादल फटने और बिजली गिरने से लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। बारिश के मौसम में अक्सर आसमानी बिजली गिरने के मामले सामने आते हैं। बादलों की तेज गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर हर कोई डर जाता है। कभी-कभी यह बहुत खतरनाक हो जाती है और जमीन पर गिरने पर जानलेवा हो जाती है। यह जहां पर गिरती है, वहा तबाही मचा देती है। बारिश के दौरान अक्सर बादलों के बीच गड़गड़ाहट के साथ बिजली चमकती है। इसके गिरने से कभी इंसान घायल हो जाता है, तो कभी इसकी चपेट में आने से मौत हो जाती है। देशभर में मौसम के करवट बदलने के बीच पहाड़ी राज्यों में बादल फटने और फ्लैश फ्लड की घटनाएं देखने को मिली है। बादल फटना एक ऐसी आपदा है जिसमें कुछ ही मिनटों में सब कुछ तबाह हो जाता है। बादल फटने की घटनाएं हिमालय रेंज में लगातार बढ़ रही हैं। यह जून और जुलाई के महीनों में होती है जब दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाएँ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से चलती हैं और मैदानी इलाकों को पार करते हुए भारत के उत्तरी पहाड़ी इलाकों की ओर बढ़ती हैं। भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक बादल फटने की ज्यादातर घटनाएं 1 हजार से 2500 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दर्ज की गई हैं। इनमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भीषण वर्षा और बादल फटने से भारी तबाही हुई है, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 12 लापता हैं। जम्मू कश्मीर में इस महीने अब तक कम से कम 15 बार बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। विज्ञान की भाषा में, बादल फटना एक अत्यंत तीव्र वर्षा को संदर्भित करता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जब किसी क्षेत्र में प्रति घंटे 100 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होती है, तो उसे बादल फटना माना जाता है। यह अक्सर एक छोटे से भौगोलिक क्षेत्र में सीमित समय के लिए होता है। बादल फटने की घटना मुख्य तौर पर कपासी वर्षा बादल के कारण होती है। हवा जब गर्म होती है, तो वह ऊपर की ओर उठती है और अपने साथ नमी भी ले जाती है। ऊपर पहुंचने पर यह ठंडी हो जाती है, जिससे नमी पानी की बूंदों में बदल जाती है। इन बूंदों के मिश्रण से वातावरण में कपासी वर्षा बादल बनते हैं, जो कि एक प्रकार का बड़ा और वर्टिकल बादल होता है। इसमें पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है। बादल का निचला हिस्सा, जब गुरुत्वाकर्षण की वजह से पानी का भार सह पाता है, तो एक ही जगह पर अधिक पानी बरसता है, जो कि बारिश की बड़ी बूंदे होती हैं। इससे कम समय में बहुत अधिक बारिश हो जाती है, जिसे बादल फटना कहा जाता है। इस आलेख में हम बिजली गिरने और बादल फटने की जानकारी आम पाठकों तक पहुँचाना चाहते है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के साथ तेज चमकती रोशनी और उसके बाद कड़कड़ाती आवाज सुनाई देती है। आसमान में चमकी यह बिजली तेजी से पृथ्वी पर गिर कर इंसानों की मौत का कारण भी बनती है। आकाशीय बिजली एक शक्तिशाली करंट है। इसके गिरने के समय लोगों को खुद को बचाने का क्षण भर का समय भी नहीं मिल पाता । मौसम विभाग के अनुसार, बिजली का गिरना या आघात एक बड़ा विद्युतीय प्रवाह है जो तूफान के दौरान हवा की गति के बढ़ने और कम होने के कारण उत्पन्न होता है। इस दौरान, पृथ्वी की बाहरी परत पर सकारात्मक चार्ज होता है क्योंकि विपरीत चार्ज आकर्षित करता है, आंधी के बादलों में मौजूद नकारात्मक चार्ज पृथ्वी की बाहरी परत पर मौजूद सकारात्मक चार्ज से जुड़ना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दुनिया में हर साल बिजली गिरने की करीब 2 लाख 40 हज़ार घटनाएं दर्ज होती हैं। इन घटनाओं में कितनी जानें जाती हैं, इसे लेकर कई तरह के अध्ययन अलग आंकड़े बताते हैं।

## विजयी विश्व तिरंगा प्यारा : राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस का संदेश



सुनील कुमार महला

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे राष्ट्र की पहचान, गौरव, एकता और संप्रभुता का प्रतीक है। प्रत्येक भारतीय के लिए यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, लोकतंत्र, राष्ट्रीय अस्मिता और देशभक्ति का प्रतीक है। भारत के इतिहास में 22 जुलाई 1947 का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन संविधान सभा ने वर्तमान तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किया था। पाठकों को बताता चलूं कि संविधान सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति से कुछ सप्ताह पूर्व लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद तिरंगा स्वतंत्र भारत की पहचान बन गया। इसी कारण प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतिनिधित्व करता है। तिरंगे में तीन समान क्षैतिज पट्टियां हैं। सबसे ऊपर स्थित केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। बीच का सफेद रंग सत्य, शांति और पवित्रता का संदेश देता है, जबकि नीचे का हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। ध्वज के मध्य में गहरे नीले रंग का अशोक चक्र अंकित है, जो धर्म, न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है।अशोक चक्र में 24 तीलियां हैं, जिन्हें जीवन के 24 गुणों, सिद्धांतों और सतत प्रगति का प्रतीक माना जाता है। ये गुण हैं- प्रेम, साहस, धैर्य, शांति, दया, सद्भावना, सत्य, आत्मसंयम, निष्ठा, न्याय, करुणा, त्याग, विनम्रता, विवेक, नैतिकता, सेवा, कर्तव्यपरायणता, सहिष्णुता, आत्मविश्वास, परिश्रम, समर्पण, आशा, विश्वास तथा सतत प्रगति। अशोक चक्र हमें यह संदेश देता है कि जीवन और राष्ट्र दोनों को निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। चक्र का ठहर जाना जड़ता और पतन का संकेत है, जबकि उसकी गति विकास और उन्नति का प्रतीक है। यह हमें धर्म, न्याय और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अशोक चक्र की चौबीस तीलियां भारत की नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का भी प्रतीक मानी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि अशोक चक्र को सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से लिया गया है।राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 निर्धारित किया गया है, जिसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण के लिए केवल खादी कपड़ा अनिवार्य था, हालांकि बाद में नियमों में कुछ परिवर्तन किए गए। वर्ष 2002 में ध्वज संहिता में संशोधन के बाद भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखते हुए वर्ष के किसी भी दिन तिरंगा फहराने का अधिकार प्राप्त हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज का स्वरूप पिंगली वेंकैया द्वारा प्रस्तावित ध्वज के आधार पर विकसित किया गया था। प्रारंभिक ध्वज में चरखा अंकित था, जिसे बाद में अशोक चक्र से प्रतिस्थापित किया गया। संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किए जाने के बाद 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में पहली बार इसी तिरंगे को आधिकारिक रूप से फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में तिरंगे के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित करना है। यह दिवस हमें स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और बलिदानों का स्मरण कराता है, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत बनाता है तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। साथ ही यह राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीकों और ध्वज संहिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी अवसर है। वास्तव में तिरंगा केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, एकता, लोकतंत्र और करोड़ों देशवासियों की आकांक्षाओं का जीवंत प्रतीक है। यह हमें विविधता में एकता, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव, एकता, कर्तव्यबोध और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर भी है। यह दिवस हमें स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

# धरियावद थाना परिसर में सीएलजी बैठक सम्पन्न

## अस्थायी पुलिस चौकी खोलने की मांग उठी क्यों कि उदयपुर जिले मे था तब थी प्रतापगढ़ जिले मे जाने के बाद बंद

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** थाना परिसर में जिला पुलिस कप्तान विशाल जांगिड़ के आदेश पर धरियावद सी ओ सर्कल के पुलिस उप अधीक्षक नाना लाल सालवी कि अध्यक्षता मे धरियावद थानाधिकारी हजारी लाल मीणा पुलिस प्रशासन द्वारा सीएलजी (कम्युनिटी लाइजनिंग ग्रुप) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सीएलजी सदस्यों ने भाग लेकर कानून-व्यवस्था, यातायात एवं जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान आमजन ने नगर के मुख्य बस स्टैंड एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव और कानून-व्यवस्था को देखते हुए अस्थायी पुलिस चौकी पुनः शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। नागरिकों ने कहा कि पुलिस चौकी शुरू होने से यातायात व्यवस्था सुचारु रहेगी, बाजार क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी तथा आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता मिल सकेगी। पुलिस अधिकारियों ने बैठक में प्राप्त सुझावों और मांगों पर सकारात्मक विचार कर उन्हें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। साथ ही आमजन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वही अब पुलिस ने बताया कि जो भी यातायात नियमों का उलघ्न करते पाया गया उसको नहीं बक्सा जायेगा जो अतिक्रमण कर रहे उनके ऊपर भी कार्यवाही कि जाएगी जिसके जिम्मेदार स्वयं रहेंगे



## कांस्टेबल व दलाल को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तारए,सीबी के एएसपी राजवीर सिंह चंपावत के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** सदर पुलिस थाना ब्यावर में पदस्थापित हेड कॉन्स्टेबल रामाकिशन और दलाल कानाराम को रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोमवार देर रात की गई। इस मामले में रिश्वत की राशि लेकर फरार हुए व्यक्ति की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी के मुताबिक उसकी बहन द्वारा ब्यावर सदर थाने में दिए गए परिवाद में राजीनामा करवाने की एवज में हेड कॉन्स्टेबल रामाकिशन और कॉन्स्टेबल मनोज द्वारा राजीनामा राशि के अलावा 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद रिश्वत की राशि 8 हजार रुपए देना तय हुआ। शिकायत की पुष्टि होने पर एसीबी के एएसपी राजवीर सिंह चंपावत के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान हेड कॉन्स्टेबल रामाकिशन ने परिवादी से 8 हजार रुपए की रिश्वत राशि दलाल कानाराम को दिलवाई। एसीबी टीम को देखते ही कानाराम ने यह राशि अपने परिचित राहुल काठात को सौंप दी।

# डीडवाना में कल निकलेगी 'शैक्षणिक जागरूकता रैली', एस डी एम को पत्र सौंपकर मांगी अनुमति

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्रीय युवाओं में शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जन-जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से 'युवा जागरूकता अभियान' के तहत बुधवार, 22 जुलाई को एक शैक्षणिक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

रैली के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर आयोजकों द्वारा उपखण्ड अधिकारी डीडवाना को प्रार्थना पत्र सौंपकर प्रशासनिक अनुमति मांगी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह रैली प्रातः 10:00 बजे चुंगी चौकी, डीडवाना से प्रारंभ होगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से



गुजरती हुई हॉस्पिटल चौराहा पर संपन्न होगी।पत्र के माध्यम से रामस्वरूप मेघवाल एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि रैली पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित रहेगी। रैली के दौरान यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा।

# विधायक कृपलानी के जन्मदिवस पर निंबाहेड़ा को मिलेगी विकास कार्यों की सौगात

## 23 जुलाई को निंबाहेड़ा में विकास और सम्मान का संगम, मंत्री खर्रा एवं नागर होंगे शामिल

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिवस के अवसर पर 23 जुलाई, गुरुवार को निंबाहेड़ा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का निंबाहेड़ा दौरा प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मंत्री अपने दौरे के दौरान क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात वे विधायक कृपलानी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अभिनंदन एवं जन्मोत्सव समारोह में भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं देंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। जन्मोत्सव समारोह में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों सहित समीपवर्ती राज्य मध्यप्रदेश से भी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए विभिन्न समितियां सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटी हुई हैं। इस अवसर पर क्षेत्र



के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास एवं पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इन कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने के साथ ही विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 तक

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बारां में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई निर्धारित है। उपनिदेशक महेश कुमार ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा, वायरमैन, डीजल मैकेनिक, सिलाई टेक्नोलॉजी (महिला) तथा सोलर टेक्नीशियन व्यवसायों में प्रवेश के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग लें।

# 125 से अधिक पात्र परिवारों को समय पर नहीं मिल रहा गेहूं, निवर्तमान पार्षद जावेद खान के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

## एसडीएम ने राशन डीलरों को दिए आवश्यक निर्देश

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच निंबाहेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के इशक्काबाद वार्ड क्रमांक-3 से गंभीर मामला सामने आया है। वार्ड के 123 से 125 बीपीएल, अंत्योदय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों ने समय पर गेहूं एवं खाद्यान्न उपलब्ध नहीं होने की शिकायत करते हुए जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।वार्ड के निवर्तमान पार्षद जावेद खान के नेतृत्व में वार्डवासियों का प्रतिनिधिमंडल निंबाहेड़ा उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पात्र परिवारों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध करवाने तथा वितरण व्यवस्था की जांच कराने की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड के अनेक पात्र परिवार पिछले काफी समय से उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले गेहूं एवं अन्य खाद्यान्न के नियमित वितरण से वंचित हैं। लाभार्थियों का आरोप है कि खाद्यान्न वितरण सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद उन्हें निर्धारित समय पर राशन नहीं मिल रहा, जिससे गरीब एवं श्रमिक परिवारों के समक्ष दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।वृद्ध, विधवा और दिव्यांग सबसे अधिक प्रभावित'ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राशन प्राप्त करने के लिए वृद्धजन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा महिलाएं, पालनहार योजना से जुड़े परिवार, दिव्यांगजन तथा पेंशनधारी बार-बार उचित मूल्य की दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई बार पूरे दिन इंतजार करने के बावजूद खाद्यान्न नहीं मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे बार-बार आने-जाने का खर्च भी मुश्किल से वहन कर पाते हैं, लेकिन परिवार के भरण-पोषण की मजबूरी उन्हें बार-बार राशन की दुकान तक ले जाती है। इससे लाभार्थियों में गहरा असंतोष व्याप्त है।महंगाई के दौर में बढ़ी परेशानीलाभार्थियों ने बताया कि बढ़ती महंगाई और सीमित आय के बीच सरकारी राशन ही उनके परिवार का सबसे बड़ा सहारा है। समय पर राशन नहीं मिलने के कारण उन्हें खुले बाजार से ऊंचे दामों पर गेहूं खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर योजना का लाभ पात्र परिवारों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रहा है।'जिला प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग'ज्ञापन में मांग की गई है कि राशन वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा जिन परिवारों को लंबित खाद्यान्न नहीं मिला है उन्हें तत्काल गेहूं एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए।

## हर साल 1100 से ज्यादा श्रमिकों की मौत
## गुजरात सबसे आगे, सरकार के पास मुआवजे का हिसाब नहीं : राजकुमार रोत

**नई दिल्ली** बांसवाड़ा। डूंगरपुर। लोकसभा में सांसद राजकुमार रोत द्वारा कार्यस्थलों पर श्रमिकों की मौत, मुआवजे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल पर केंद्र सरकार के जवाब ने श्रमिक सुरक्षा को लेकर गंभीर तस्वीर सामने रखी है। सरकार के अनुसार वर्ष 2024 में केवल पंजीकृत कारखानों में 1,131 श्रमिकों की मौत हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में गुजरात में 188, महाराष्ट्र में 157, राजस्थान में 46 और मध्य प्रदेश में 35 श्रमिकों की कार्यस्थल पर मौत दर्ज हुई। इससे साफ है कि काम के दौरान होने वाली दुर्घटनाएं लगातार श्रमिकों की जान ले रही हैं। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि केंद्र सरकार ने अपने जवाब में स्वीकार किया है कि मृतक श्रमिकों के परिजनों को कितना मुआवजा मिला, कितनों को नहीं मिला और कितने मामले लंबित हैं, इसका समग्र रिकॉर्ड केंद्र सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। मुआवजे से जुड़े मामलों का निपटारा राज्यों के भरो से छोड़ दिया गया है। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि जब हर साल हजारों श्रमिक काम करते हुए अपनी जान गंवा रहे हैं, तब केवल कानून गिनाना पर्याप्त नहीं है। सरकार को मृतक श्रमिकों के परिवारों को समयबद्ध मुआवजा, दोषी नियोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई और कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार उनके जीवन की सुरक्षा और उनके परिवारों के अधिकारों के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

## सरकारी व निजी स्कूलों में नशामुक्ति एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मंगलवार को ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे- से नो टू ड्रग्स, से यस टू योर ड्रीम्स अभियान के तहत जिलेभर के सरकारी और निजी स्कूलों में नशामुक्ति एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों और उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान का मुख्य कार्यक्रम सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्यावर में संपन्न हुआ।

## पेपर लीक मुक्त परीक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष जांच एवं भर्ती कैलेंडर जारी करने की उठाई मांग

# शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओ अभियान के तहत एनएसयूआई ने छात्रों से किया संवाद

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) निंबाहेड़ा परिवार द्वारा मंगलवार को स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निंबाहेड़ा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर ष्शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओष् अभियान के तहत छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करते हुए छात्र हितों की रक्षा के लिए संगठन द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान की जानकारी दी गई। एनएसयूआई के प्रवक्ता किशोर गायरी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक प्रकरणों तथा भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। वर्षों की कठिन मेहनत और तैयारी के बावजूद युवाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें निराशा और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। कार्यक्रम में एनएसयूआई ने अपनी तीन प्रमुख मांगों को



विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए पेपर लीक मुक्त परीक्षा व्यवस्था लागू करने, धांधली एवं भ्रष्टाचार से प्रभावित भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा सभी सरकारी भर्तियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता नहीं लाई जाएगी, तब तक युवाओं के साथ न्याय संभव नहीं है। सरकार को छात्रों और बेरोजगार युवाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि योग्य युवाओं को समय पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार देश के युवाओं, विद्यार्थियों और बेरोजगारों के अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाकर उन्होंने युवाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है। एनएसयूआई उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए छात्र हितों की लड़ाई लड़ रही है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव विद्यार्थियों, युवाओं और किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## एक नजर

### राजस्व मंडल के स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी, जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** कुचामन तहसील के राजस्व ग्राम टोरड़ा में राजस्व मंडल अजमेर द्वारा जारी स्थगन आदेश के बावजूद मौके पर निर्माण कार्य जारी रहने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मौके पर यथास्थिति प्रभावी ढंग से लागू करवाने की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया कि राजस्व ग्राम टोरड़ा के खसरा नंबर 311, 1347/306, 1348/306, 1349/306, 1341/307, 1342/307, 1343/307, 1344/307, 1345/307 एवं 1346/307 पर राजस्व मंडल अजमेर द्वारा प्रकरण स्थगन आदेश दिया हुआ है, जो राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज है।ज्ञापनकर्ता ने बताया कि पूर्व में भी 22 जून 2026 तथा 7 जुलाई 2026 को मौके पर यथास्थिति बनाए रखने हेतु शिकायत की गई थी।शिकायतों के बावजूद अब तक प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण मौके पर निर्माण कार्य जारी है। जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि राजस्व मंडल के आदेशों की पालना करवाते हुए निर्माण कार्य तुरंत रुकवाया जाए।

### कदमाली के लाल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, अग्निवीर चयन पर हुआ अभिनंदन

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** विधानसभा क्षेत्र के कदमाली ग्राम में मंगलवार को भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने पर गांव के होनहार युवा अनिल पुत्र वकील बंजारा का पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने उपरना ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा देना प्रत्येक युवा के लिए गौरव, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च अवसर होता है। अनिल बंजारा ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प एवं लगन के बल पर अग्निवीर के रूप में चयन प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे मरजीवी गांव, निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तो कोई भी मंजिल कठिन नहीं होती। अनिल की सफलता क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा अधिक से अधिक युवा सेना सहित अन्य राष्ट्रीय सेवाओं में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। विधायक कृपलानी ने अनिल के माता-पिता एवं परिवारजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि ऐसे संस्कारवान परिवार ही देश को योग्य एवं राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित युवा प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा का दायित्व निभाते हुए क्षेत्र का नाम और अधिक रोशन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गायरी, निवर्तमान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश बुनकर, रघुवीर सिंह, वजे राम, खेमराज, राजपाल, राजमल, मदन बंजारा, भूरालाल बंजारा, विक्रम बंजारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी अनिल बंजारा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जिलेभर मे फॉलोअप शिविरों का आयोजन 31 अगस्त तक

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 22 विभागों से संबंधित कार्यों के लिए एक दिवसीय सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में पेंशन, पट्टा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली-पानी कनेक्शन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, चिरंजीवी योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर 31 अगस्त तक फॉलोअप शिविरों का आयोजन किया जाएगा। फॉलो-अप शिविर के दौरान पहले चलाए गए अभियानों में लंबित रहे प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। आगामी शिविर यहां होंगे आयोजित बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र में बारां-कोयला, अंता-पलायथा, मांगरोल-मालबमोरी, छबड़ा-मूण्डला, छीपाबड़ौद-फूलबड़ौदा, अटरू-अर्डान्द, शाहबाद, किशनगंज-अजनावर एवं बृजनगर के लिए अटल सेवा केन्द्र में फॉलोअप शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शहरी फॉलो-अप शिविर नगरपालिका भवन में वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अटल सेवा केन्द्रों में आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से जन आधार, आधार, राशन कार्ड सहित दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### राज्य होटल प्रबंधन संस्थान, झालावाड़ में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य होटल प्रबंधन संस्थान, झालावाड़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संचालित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान के प्राचार्य (प्रभारी) महेश कुमार बैरवा




ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित 31 जुलाई 2026 तक प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में फूड प्रोडक्शन, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन तथा हाउसकीपिंग ऑपरेशन विषयों में 1.5 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की काउंसलिंग, दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया 3 अगस्त 2026 (सोमवार) प्रातः 11 बजे संस्थान परिसर में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल दस्तावेज, दो सेट स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां तथा निर्धारित शुल्क के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि राज्य होटल प्रबंधन संस्थान, झालावाड़ भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित है तथा यह राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद, नोएडा से संबद्ध है। संस्थान में विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशालाओं, छात्रावास सुविधा, अनुभवी संकाय सदस्यों का मार्गदर्शन तथा प्रतिष्ठित होटल उद्योगों में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। प्राचार्य ने क्षेत्र के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं युवाओं से समय रहते आवेदन कर आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने के इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कलक्टर ने किया केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

## लाइब्रेरी, भर्ती वार्ड एवं किचन का अवलोकन किया



कोटा,(हुक्मनामा समाचार)। जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया मंगलवार को केन्द्रीय कारागृह कोटा का निरीक्षण करने पहुंचे। श्री समारिया को केन्द्रीय कारागृह पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला कलक्टर ने जेल अधीक्षक के कक्ष में जाकर विजिटर रजिस्टर में हस्ताक्षर किए और अपने सुझाव लिखे।

उपाधीक्षक श्री रोहित कौशिक ने कारागृह में आयोजित सुधारात्मक कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बंदियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से कम्प्यूटर सिखाया जाता है। प्रत्येक सोमवार को जेलवाणी के माध्यम से सामूहिक राष्ट्रगान कराया जाता है और बंदियों को मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाती है। बंदियों को रोजगार एवं कौशल विकास के तहत सिलाई एवं कैरी बैग तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री समारिया ने जेल की लाइब्रेरी, भर्ती वार्ड एवं जेल के किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं पूछी। जिला कलक्टर जेल उपाधीक्षक को बंदियों के मानसिक विकास के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने, समय-समय पर जेल अधीक्षक द्वारा जेल मेन्यूअल के अनुसार निरीक्षण किए जाने, रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रखने एवं बंदियों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन की समय-समय पर चैकिंग करने के निर्देश दिए।

## सेतु कार्यशाला आज

**उदयपुर।** जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सेवाओं तक कमजोर एवं पात्र परिवारों की पहुंच को मजबूत करने व संबंधित विभागों के आपसी तालमेल को सुदृढ़ करने हेतु सोशल प्रोटेक्शन कोएलिशन (सेतु) द्वारा डिस्ट्रिक्ट सोशल प्रोटेक्शन सेचुरेशन प्लानिंग वर्कशॉप बुधवार 22 जुलाई को किया जाएगा।

## नागर आज चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर

**चित्तौड़गढ़।** ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर बुधवार को एक दिवसीय चित्तौड़गढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक ने बताया कि राज्यमंत्री बुधवार को उदयपुर से सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 1:20 बजे निम्बाहेड़ा पहुंचेंगे। यहां वे विभिन्न मूर्तियों की स्थापना सहित अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## बड़गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम मोहनपुरा, पटवार मंडल चीरवा में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर स्थित अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राजस्व विभाग, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा समन्वित रूप से कार्यवाही संपन्न कराई गई। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त मार्ग पर एक दर्जन से अधिक अवैध अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं।


## कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, बाड़मेर

ई-मेल-adpcsmsabarmer@gmail.com

क्रमांकः अति.जिपस/बाड़मेर/2026-27/04 दिनांक : 20.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-04/2026-27**

श्रीमान् निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर व राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर से प्राप्त स्वीकृतियों के अनुसार जिला बाड़मेर व बालोतरा के 29 पीएमश्री विद्यालयों में मानव संसाधन आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**NIB :- RSE2627A0319 UBN No. :- RSE2627SLOB00836**

अति. जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, बाड़मेर


# जिला अस्पताल में शुरू हुआ 'प्रसूता हेल्प डेस्क', गर्भवती महिलाओं को मिलेगा त्वरित उपचार एवं मार्गदर्शन




**झालावाड़,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिला मुख्यालय स्थित एसआरजी चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए 'प्रसूता हेल्प डेस्क' की शुरुआत की गई है। इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली प्रसूताओं को बिना किसी परेशानी के शीघ्र उपचार, जांच एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध कराना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद ख़ान द्वारा शुरू की गई यह हेल्प डेस्क 24 घंटे संचालित रहेगी। इसके तहत 24म7 हेल्पलाइन नंबर (8003202104) जारी किया गया है। साथ ही त्वरित समन्वय हेतु एम्बुलेंस, ब्लड बैंक और चिकित्सकीय टीम को जोड़कर एक समर्पित व्हाट्सएप समूह भी बनाया गया है। प्रसूता के अस्पताल पहुँचने से पूर्व सूचना मिलने पर सुरक्षा कर्मी और मेडिकल टीम तुरंत सक्रिय हो जाती है। अस्पताल पहुँचते ही प्राथमिक पंजीयन, आवश्यक जांचें, विशेषज्ञ परामर्श और भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूरा किया जाता है। हाल ही में इस व्यवस्था के माध्यम से 19 प्रसूताओं को त्वरित राहत प्रदान की गई।

### धरियावद में सहकारिता विभाग की बड़ी पहल

# सड़क हादसे में मृत किसान के परिवार को मिला 10 लाख का बीमा लाभ



**धरियावद,(हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत उदयपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, धरियावद शाखा द्वारा जनकल्याण ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले किसान के परिवार को 10 लाख की बीमा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत मानपुर में आयोजित शिविर में उदयपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, धरियावद शाखा के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार गुर्जर, प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, लोन पर्यवेक्षक बनवीर सिंह राणावत (झाडोली व आड़), ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रबंधक धनराज मीणा एवं पंकज मीणा सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में यह सहायता राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार झाडोली ग्राम सेवा सहकारी समिति के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋणी स्वर्गीय बंसीलाल मीणा (पिताः खानिया मीणा) का कुछ समय पूर्व मोटरसाइकिल दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था। सहकार दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत स्वीकृत ?10 लाख की सहायता राशि का चेक उनकी पत्नी पुंजकी मीणा को सौंपकर परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजेश कुमार गुर्जर ने किसानों से समय पर केसीसी ऋण का टर्नओवर एवं भुगतान करने की अपील करते हुए कहा कि समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को ही सहकार दुर्घटना बीमा योजना एवं सहकार जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र के लगभग 2,600 किसान ऋण की समय पर अदायगी नहीं करने के कारण डिफाल्टर हैं, जिससे वे इन महत्वपूर्ण बीमा योजनाओं एवं अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

ADVT

## विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के सात दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का भव्य समापन



**केकड़ी,(हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में अजमेरी गेट स्थित कटारिया विश्रामशाला में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व आरती के साथ किया गया। 14 जुलाई से आयोजित इस शिविर में कुल 774 मरीजों (448 पुरुष एवं 326 महिला) ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान अनुभवी चिकित्सकों द्वारा अभ्यंग, स्वेदन, ग्रीवा बस्ती, कटि बस्ती, जानु बस्ती, अग्निकर्म, मात्रा बस्ती और नाड़ी स्वेद जैसी विभिन्न आयुर्वेदिक व पंचकर्म पद्धतियों से उपचार किया गया। समारोह में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरिराज साहू, शिविर प्रभारी डॉ. अजय फुलवरिया, विहिप जिला मंत्री गोविंद शर्मा सहित कई अतिथियों ने विचार व्यक्त किए।

## कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवासन से डॉ. सुनील लारा ने की शिष्टाचार भेंट



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. सुनील लारा ने नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवासन से शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. लारा ने श्रीनिवासन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया डॉ. लारा ने कहा कि कांग्रेस सेवादल पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीनिवासन के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल पूरे देश में और अधिक प्रभावी एवं मजबूत होगा। श्रीनिवासन ने भी राजस्थान में संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली तथा कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर सक्रिय रहने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के प्रति पूर्ण गंभीरता बरती जाए। शिकायतों का निस्तारण करते फोरे जवाब लिखने के स्थान पर सभी अपेक्षित पत्रावलियां के साथ विस्तृत प्रत्युत्तर पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि परिवादी संतुष्ट हो सके। जिला कलक्टर श्री अग्रवाल मंगलवार सुबह कलक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सर्वप्रथम उन्होंने जिले में नवपदस्थ अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। साथ ही सभी नवीन पदस्थ अधिकारियों को मोबाइल में संपर्क ऐप डाउनलोड कर उसका नियमित अवलोकन करते हुए प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सफल बीज संग्रहण और पुनर्जनन के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक : श्री जैन

**उदयपुर।** वानस्पतिक बीज बैंक की एक दिवसीय कार्यशाला पंचायत समिति गिर्वा के सभागार में हुई। बजट घोषणा के तहत पूरे प्रदेश में 150 वानस्पतिक बीज बैंक स्थापित किये गये है। इसमें से 30 बीज बैंक उदयपुर जिले में स्थापित किये गये है। कार्यशाला में सलुम्बर, प्रतापगढ़, बांसवाडा एव उदयपुर जिले से प्रतिभागियों ग्राम विकास अधिकारी, बीजगुणियों ने भाग लिया। अधीक्षण अभियंता जल ग्रहण अनिल सनाढ्य ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग अतुल कुमार जैन रहे। वहीं पंचायती राज विभाग अधिकारी एवं एनजीओ ने भाग लिया। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी से आये अधिकारियों के द्वारा वानस्पतिक बीज बैंक की जानकारी दी गई जिसमें स्थानीय बीजों की महत्वता के बारे जानकारी दी गई।

## आजादी के बाद पहली बार रघुनाथपुरा पीह क्षेत्र को मिली रोडवेज बस सेवा

**थांवला/नागौर,(हुक्मनामा समाचार)।** थांवला-आजादी के बाद पहली बार रघुनाथपुरा, पीह और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को नियमित राजस्थान रोडवेज बस सेवा मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (क्रस्क्रझ्ट) के अजमेर आगार ने अजमेर-सीकर के बीच नई बस सेवा शुरू की है। मंगलवार सुबह 6:40 बजे अजमेर से रवाना हुई बस के सुबह 7:30 बजे बाड़ीघाटी पहुंचने पर पूर्व आगार प्रबंधन निर्मल कुमार नोगिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्य प्रबंधक रवि शर्मा, आगार प्रशासक बहादुर सिंह, चालक शेर सिंह एवं परिचालक हरिराम गढ़वाल का माला, साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद बस को हरी झंडी दिखाकर कुचामन-सीकर के लिए रवाना किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इनमें लाडूसिंह रावत, हरजीराम रावत, खेमराज नोगिया, लाडूसिंह बंजारा, हरिराम गुर्जर, जस्साराम, महेंद्र बंजारा और जगदीश बंजारा सहित अनेक ग्रामीण शामिल हुए। इस बस सेवा को शुरू कराने में रक्तकोष फाउंडेशन के जिला संयोजक महेश काला (रघुनाथपुरा) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात कर इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन की मांग रखी थी। मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए अजमेर आगार प्रशासन ने नई बस सेवा शुरू कर दी। यह बस अजमेर से सीकर वाया भकरी, बागोट, परबतसर, कुचामन एवं लोसल बाईपास होकर संचालित होगी। इससे डीडवाना-कुचामन, नागौर, अजमेर और सीकर जिलों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

# महानिरीक्षक पुलिस शर्मा ने किया नागौर जिले का वार्षिक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण कार्यों की सराहना



**नागौर,(हुक्मनामा समाचार)।** महानिरीक्षक पुलिस, एस. सी. आर. बी. जयपुर श्री हेमंत कुमार शर्मा ने मंगलवार को नागौर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन नागौर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं तथा वृत्त कार्यालय नागौर का निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण एवं दस्तावेजों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में महानिरीक्षक पुलिस ने कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर श्री आशा राम चौधरी ने जिले की अपराध स्थिति एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस ने नागौर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम एवं जुआ अधिनियम के तहत की गई प्रभावी कार्रवाई तथा अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान वृत्त कार्यालय एवं थाना मूण्डवा का भी निरीक्षण किया गया। थाना मूण्डवा में महानिरीक्षक पुलिस ने सीएलजी सदस्यों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।


## कार्यालय नगरपालिका मसूदा, जिला ब्यावर (राज.)

क्रमांकः न.पा.म./भूमि/2025-26/1048-1050 दिनांक : 21.07.2026

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 'शहरी सेवा शिविर-2026' फॉलोअप कैम्प के अन्तर्गत पालिका में पालिका क्षेत्र में धारा 69-ए भूमि के तहत पट्टे हेतु निम्न आवेदक द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जो निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ओमप्रकाश तेली पुत्र गजराज तेली मसूदा | खसरा संख्या 5233/3829 | 250.37 वर्गमीटर |
| 2. | श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र हरकचन्द जैन मसूदा | खसरा संख्या 3111 | 97.06 वर्गमीटर |
| 3. | श्री ज्ञानचन्द गांग पुत्र हरकचन्द जैन | खसरा संख्या 3111 | 126.20 वर्गमीटर |
| 4. | श्रीमती चंचल देवी जैन पत्नी ज्ञानचन्द जैन | खसरा संख्या 1089 | 130.88 वर्गमीटर |

यदि उक्त पट्टे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति, सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मसूदा

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

# बूंदी की गंगा-जमुनी तहजीब को रखें कायम : जिला कलक्टर

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, आपसी सौहार्द और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने समिति सदस्यों से शहर की अमन-शांति और गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। किसानों को मिली बड़ी राहत, पानी का हो समान वितरण बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि यह पहली बार है जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष प्रयासों से गांधी सागर बांध से सीधे कोटा-बूंदी क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का पानी छोड़ा गया है। इससे बूंदी और केशवरायपाटन क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने सीएडी, जिला व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि वे स्थानीय स्तर पर बैठकें आयोजित कर नहरी पानी का बेहतर तरीके से वितरण सुनिश्चित करें। किसी भी किसान का खेत सिंचाई से वंचित न रहे, इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी सीएडी अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से खेतों का भ्रमण करें। बैठक में जिला कलक्टर ने सीएलजी सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने समाज और सोसायटियों के बच्चों व युवाओं को अनुशासन में रहने की समझाइश करें। उन्होंने कहा कि कानून और अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सदस्य किसी भी प्रकार की संदिग्ध जानकारी तुरंत प्रशासन को दें ताकि अपराधियों पर समय रहते कार्यवाही की जा सके। उन्होंने शांति समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आयोजनों पर निष्पक्ष रूप से निगरानी रखी जाए। सदस्यों द्वारा बताई गई स्थानीय समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भी उन्होंने आश्वासन दिया।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने यातायात और अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि शहर में नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए, तो सीधे उनके परिजनों के खिलाफ चालान काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। जिला




पुलिस अधीक्षक ने समिति सदस्यों से असामाजिक तत्वों की सूचना साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानूनों में संगठित अपराधों पर बेहद कठोर कार्रवाई के प्रावधान किए गए हैं, जिनका सख्ती से पालन किया जा रहा है। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा बनाई गई कार्ययोजना की सराहना की और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर एच.डी. सिंह, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, तहसीलदार अर्जुन लाल मीणा सहित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## अड़वड़ विद्यालय में भामाशाहों ने वितरित किए स्कूल बैग, अलमारी भी की भेंट



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अड़वड़ में भामाशाहों के सहयोग से विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। भामाशाह गीता देवी पत्नी भुगानाराम बुगालिया (पीटीआई), निवासी ईग्यार ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग भेंट किए। प्रधानाचार्य पुखराज खती ने बताया कि भामाशाह गीता देवी एवं भुगानाराम बुगालिया का विद्यालय के विकास में हमेशा सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर भंवरलाल लोयल ने विद्यालय को एक अलमारी भी भेंट की। विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाहों का स्वागत एवं अभिनंदन कर उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रशासक सीताराम मेघवाल, गीता देवी, भुगानाराम बुगालिया, भंवरलाल लोयल, पुरखाराम जाजड़ा, जिमनाराम सारण, रामनारायण सारण, देवकरण जांगिड़, पप्पूराम शर्मा, प्रधानाचार्य पुखराज खती, यथा प्रधानाचार्य शिवचरण बिडियासर, व्याख्याता गफ्फार खान, वरिष्ठ अध्यापक श्रीपाल एवं प्रहलादराम, अध्यापक गुठाराम, ओमप्रकाश, रीता, शारीरिक शिक्षक भुगानाराम, पंचायत शिक्षक सुज्जूदीन, मांगीलाल तथा कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# तालेड़ा उपखंड मुख्यालय पर बूंदी विधायक शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** तालेड़ा उपखंड मुख्यालय पर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तालेड़ा एवं बूंदी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर भवन से तालेड़ा स्वास्थ्य केंद्र तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र तथा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उपखंड अधिकारी तथा तहसीलदार तालेड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि बूंदी विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अस्पतालों में बदहाली का आलम है, विशेषकर तालेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से अवैध वसूली की जा रही है और व्यवस्थाएं पूरी तरह ठप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केडीए (कोटा विकास प्राधिकरण) के कारण बूंदी के 47 गांवों का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। विधायक शर्मा ने कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली और नहरों से सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी गरीब किसानों पर लाखों रुपये के बीसीआर (विजिलेंस चेकिंग रिपोर्ट) भर रहे हैं। इसके अलावा, दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये को लेकर भी गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। धरना प्रदर्शन को कांग्रेस जिलाध्यक्ष महावीर मीणा



एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने भी संबोधित किया। सत्येश शर्मा ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। न तो बिजली की उचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की। अस्पतालों और कानून व्यवस्था की स्थिति से आम जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'केडीए हटाओ-बूंदी बचाओ', 'बिजली-पानी दे न सके जो, वो सरकार निकम्मी है' जैसे नारों से तालेड़ा को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौड़, रामकरण मीणा, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महिला की मौत के बाद भड़का खूनी संघर्ष कुल्हाड़ी तलवार से हमला, चार घायल पीहर पक्ष पर आरोप

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सवाईपुर क्षेत्र के ककरोलिया माफी गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत के बाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। घटना में ससुराल पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने मृतका के पीहर पक्ष पर कुल्हाड़ी, तलवार और अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। कोटड़ी थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ के अनुसार, ककरोलिया माफी निवासी लक्ष्मी (40) पत्नी सितारिया बागरिया को सुबह अचानक छाती और गले में तेज दर्द हुआ। परिजन उसे प्राथमिक उपचार के लिए सवाईपुर और बाद में बनकाखेड़ा ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित सिताराम बागरिया ने बताया कि जब शव को बनकाखेड़ा से गांव लाकर अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, तभी मृतका के पीहर पक्ष—डगेरा का खेड़ा (राजपुरा) से आए अमरा, भैरू, नंदा, कालू सहित अन्य लोगों ने अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी, तलवार, लोहे की रॉड, लकड़ी और पत्थरों से ताबड़तोड़ वार किए। हमले में रामलाल (27), भैरू (68), सितारिया (40) और ममता (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी के सिर पर गहरी चोटें आई हैं और हाथ-पैर में भी गंभीर जख्म बताए जा रहे हैं। घायलों को तत्काल कोटड़ी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पीड़ित पक्ष ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## धौलपुरिया में जयपुर से लौटा युवक मिला मलेरिया पॉजिटिव, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



**अरांई (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम धौलपुरिया का एक युवक, जो जयपुर में मजदूरी करने गया था, बुखार आने पर जांच में मलेरिया पॉजिटिव पाया गया। सूचना मिलते ही अरांई चिकित्सा विभाग सक्रिय हो गया और मरीज को उपचार के लिए किशनगढ़ स्थित यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में विशेष सर्वे एवं जागरूकता अभियान चलाया। टीम में डॉ. आकांक्षा दाधीच, सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट गोवर्धन कुमार, एएनएम संगीता शर्मा, लैब टेक्नीशियन सिमरन तथा आशा सहयोगिनी पिंकी शेखावत शामिल रहे। टीम ने घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों की जानकारी जुटाई और जरूरतमंदों को तत्काल रक्त जांच कराने की सलाह दी। इसके साथ ही गांव में एंटी-लार्वा अभियान चलाते हुए नालियों, गड्ढों तथा पानी जमा होने वाले स्थानों पर टेमेफॉस सहित अन्य लार्वानाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। ग्रामीणों को कूलर, पुराने टायर, ड्रम, गमलों और अन्य पात्रों में पानी जमा नहीं होने देने की सलाह दी गई, ताकि मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग की अपील: बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त जांच कराएं, मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बांह के कपड़े पहनें, घर व आसपास साफ-सफाई रखें तथा कहीं भी जलभराव न होने दें। विभाग ने कहा कि सावधानी ही मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## आधार एवं ई-मित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण नियमों के उल्लंघन पर पेनल्टी

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को बिछीवाड़ा ब्लॉक के कनबा और बिछीवाड़ा में आधार व ई-मित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। नियमों की अवहेलना करने वाले ई-मित्र संचालकों पर पेनल्टी लगाई गई। साथ ही, आगामी अनिवार्य बायोमेट्रिक शिविर की तैयारियों की समीक्षा कर संचालकों को ओवरचार्जिंग न करने और आमजन से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

## पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में संतान संबंधी प्रावधान हटाए जाने के संबंध में निर्देश जारी

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन से संबंधित संतान संबंधी प्रावधानों में किए गए महत्वपूर्ण संशोधनों की जानकारी सभी संबंधित अधिकारियों एवं आमजन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना 25 मार्च, 2026 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (अधिनियम संख्या-13) की धारा 19 में संशोधन करते हुए पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन हेतु लागू संतान संबंधी प्रावधानों को हटा दिया गया है। इसी प्रकार राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 (अधिनियम संख्या-18) की धारा 2 एवं धारा 24 में संशोधन कर नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु लागू संतान संबंधी प्रावधानों को भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिसूचनाओं की प्रतियां पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई हैं। पंचायत क्षेत्र के लिए कपासन, बेगूं, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, बड़ीसादड़ी, डूंगला, भदेसर, गंगरार, राशमी, भूपालसागर एवं रावतभाटा तथा नगर पालिका क्षेत्र के लिए कपासन, बेगूं, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, बड़ीसादड़ी, भूपालसागर एवं रावतभाटा के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को संशोधित प्रावधानों से तत्काल अवगत कराया जाए तथा पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में संतान संबंधी प्रावधान हटाए जाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन एवं संबंधित सभी पक्षों तक संशोधित विधिक प्रावधानों की सही एवं समयबद्ध जानकारी पहुंच सके।

## राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2021 के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिनेश धाकड़ ने जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (नगरपालिका) एवं उपखण्ड अधिकारियों/उपखण्ड मजिस्ट्रेटों—कपासन, बेगूं, चित्तौड़गढ़, निंबाहेड़ा, बड़ीसादड़ी, भूपालसागर एवं रावतभाटा को राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2021 के प्रावधानों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी धाकड़ ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 8 अप्रैल 2021 के माध्यम से राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 6 एवं धारा 24 में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि संशोधित प्रावधानों के अनुसार नगरीय निकायों में नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या में एक दिव्यांग व्यक्ति को भी शामिल किए जाने का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिनियम एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार संपादित करें।

## बोखला पाल व नोकना में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित मौके पर मिला योजनाओं का लाभ

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डूंगरपुर जिले की बोखला पाल और नोकना ग्राम पंचायतों में मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए। 22 विभागों के अधिकारियों ने राज्य व केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया। शिविरों में राजस्व नामांतरण, पट्टे जारी करने, पेंशन स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास किस्त, मंगला पशु बीमा पॉलिसी वितरण तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने जैसे कार्यों का हाथों-हाथ निस्तारण किया गया।

## जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र डूंगरपुर का कार्यालय अस्थाई रूप से स्थानांतरित

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, डूंगरपुर का वर्तमान कार्यालय भवन जर्जर होने के कारण नवीन भवन का निर्माण कराया जाना है। इसके चलते कार्यालय को अस्थाई रूप से स्थानांतरित कर दिया गया है। नया भवन बनने तक यह कार्यालय अब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, गांधी आश्रम, डूंगरपुर से संचालित होगा। आमजन एवं उद्यमी अब इसी पते पर संपर्क कर सकते हैं।

## शाहपुरा के विद्यालयों में नशामुक्ति पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# 'नशे को ना कहो, अपने सपनों को हां कहो' विषय पर 350 विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा द्वारा मंगलवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों में 'नशे को ना कहो, अपने सपनों को हां कहो - नशा कोई स्टाइल नहीं, अपने मन, शरीर और भविष्य की रक्षा करो' विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। पहला शिविर स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, शाहपुरा में आयोजित हुआ। इसमें अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, उससे होने वाली गंभीर बीमारियों तथा नशे की लत से समाज और युवाओं में बढ़ते अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर लोक अभियोजक हितेश शर्मा, अधिवक्ता दीपक पारीक, तालुका सचिव आजाद मोहम्मद, न्यायालय स्टाफ राजेश तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश धाकड़ सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। शिविर में करीब 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसी क्रम में दूसरा शिविर आलोक सेंट्रल स्कूल, शाहपुरा में आयोजित किया गया। यहां न्यायिक अधिकारी मनमीत सिंह मोगा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समाज में नशे से फैल रही बुराइयों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता अंकित शर्मा, निखिल व्यास, न्यायालय स्टाफ विनोद गुर्जर, पीएलवी रीना देवी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र व्यास सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस शिविर में लगभग 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। दोनों शिविरों में कुल 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कानून, नशामुक्ति और सामाजिक



जिम्मेदारियों से जुड़े अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक, जिम्मेदार एवं नशामुक्त नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।

## जिला माहेश्वरी महिला संगठन बूंदी की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन का शपथ ग्रहण समारोह माहेश्वरी पंचायती नोहरा में संपन्न हुआ। संगीता मूंदड़ा ने अध्यक्ष, शिल्पा सोमानी ने सचिव, लक्ष्मी तोतला ने संगठन मंत्री, मंजू मोदी लाड लड्ढा, विभा कहालिया ने उपाध्यक्ष, भगवती समदानी, अनुराधा सोनी, पुष्पा बिरला ने सह सचिव, नीतू नुवाल, श्रुति मंडोवरा, नीलम लखोटिया, सीमा गगरानी, ललिता नुवाल, शानू नुवाल, रश्मि लखोटिया, सपना मंत्री ने समिति प्रभारी की शपथ ली। प्रदेश उपाध्यक्ष किरण लखोटिया ने संपूर्ण कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद जिला अध्यक्ष संगीता मूंदड़ा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहां कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी के सहयोग से अपने कार्यों के द्वारा संगठन को ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जाजू, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला नुवाल, सह सचिव अनीता लाठी, मधु हल्दिया, रितु रानी काबरा, संतोष डाखेडा, रेनू बहेडीया, नीतिका मंत्री, गायत्री लाठी, रितु भूतड़ा, रितु फलोड, भावना धुप्पद मौजूद रहे। कविता झवर, भारती मालू, मोना लाठी, रेखा झंवर, प्रतिभा लड्ढा, सोनल मूंदड़ा, प्रियंका काबरा, रानू फलोड़ ,मधु जेथलिया आदि ने कार्यक्रम की सारी व्यवस्थाएं संभाली । इस दौरान मनोरंजन गेम करवाए गए ।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना)की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी से प्रदेशवासियों को बड़ी राहत

# प्रदेश के पात्र परिवार देश के विभिन्न राज्यों में भी 25 लाख रुपये तक का कैशलेस निःशुल्क उपचार करा सकेंगे

**कर्नाटक और तमिलनाडू के अलावा सभी राज्यों में सुविधा उपलब्ध**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा योजना) योजना के तहत प्रदेश के पात्र परिवारों को अब राज्य से बाहर भी बेहतर एवं कैशलेस नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई

### 6 माह में प्रदेश के 30 हज़ार से अधिक लोगों ने अन्य राज्यों में 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज कराया

आउटबाउंड इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के माध्यम से पात्र लाभार्थी देश के विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबद्ध अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का कैशलेस नि:शुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

6 माह में प्रदेश के 30 हज़ार से अधिक लोगों ने अन्य राज्यों के अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज करवाया है । मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के समन्वय से संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के 1.36 करोड़ पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 25 लाख रुपये तक का कैशलेस नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना में 2,179 उपचार पैकेज शामिल हैं, जिनमें सामान्य बीमारियों के साथ-साथ कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार भी सम्मिलित है।

**कर्नाटक और तमिलनाड के अलावा सभी राज्यों में सुविधा उपलब्ध** पूर्व में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए प्रदेश के मरीजों को गुजरात, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में जाकर उपचार कराना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 15 दिसंबर 2025 से आउटबाउंड इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू की, जिसके बाद पात्र परिवार देश के अन्य राज्यों में स्थित पीएमजेएवाई से संबद्ध अस्पतालों में भी कैशलेस उपचार का लाभ उठा रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र परिवारों के साथ-साथ मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के सभी पात्र परिवारों को भी अन्य राज्यों में 25 लाख रुपये तक के कैशलेस नि:शुल्क उपचार का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मा योजना में राज्य के सभी पात्र 1.36 करोड़ परिवारों को लाख रुपये की कैशलेस निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध

अब तक इस प्रावधान के अंतर्गत 5,959 क्लेम प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 17 करोड़ रुपये से अधिक है। इन क्लेम्स के माध्यम से मरीजों ने हार्ट स्टेंट, हार्ट बायपास सर्जरी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, डायलिसिस, जनरल सर्जरी, सिजेरियन प्रसव सहित विभिन्न जटिल उपचारों का लाभ प्राप्त किया है।

लाभार्थियों द्वारा सर्वाधिक उपचार गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के अस्पतालों में कराया गया है। वर्तमान में इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी के तहत देशभर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबद्ध लगभग 16 हजार से अधिक सरकारी तथा 14 हजार से अधिक निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इनमें गुजरात के 2,067, हरियाणा के 1,366, मध्यप्रदेश के 1,622, महाराष्ट्र के 1,709, पंजाब के 823, उत्तर प्रदेश के 6,182 तथा दिल्ली के 184 अस्पताल शामिल हैं।

**प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ का कहना है कि-**

राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश का प्रत्येक पात्र नागरिक आवश्यकता पड़ने पर राज्य की सीमाओं से बाहर भी बिना किसी आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है।

---

## सितंबर तक 20 हजार नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के निर्देश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव (माइंस एवं पेट्रोलियम) अपर्णा अरोरा ने राज्य की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को सितंबर अंत तक 20 हजार नए डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं के साथ औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी प्राथमिकता से पीएनजी सुविधा से जोड़ने और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि पिछले दो महीनों में 21,240 परिवारों तथा 240 औद्योगिक-व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी सुविधा से जोड़ा गया है। वर्तमान में राज्य में 1.75 लाख से अधिक घरेलू और 1,553 औद्योगिक एवं व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

## जीआरपीएफ रैंकिंग मई 2026 में महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रतापगढ़ जिला अव्वल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** समस्त पोर्टल के डेटा के आधार पर तैयार किए गए Grievance Redressal Performance Framework - GRPF की मई 2026 की रैंकिंग में महिला एवं बाल विकास विभाग ने 91.30 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभाग ने प्रशासनिक संवेदनशीलता और जन शिकायत निस्तारण में अन्य सभी विभागों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं जिला प्रतापगढ़ 89.55 अंकों के साथ जिलों की रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। प्रतापगढ़ ने शिकायत निस्तारण और कलेक्टर-स्तरीय समीक्षा में उत्कृष्ट दक्षता प्रदर्शित की है। टॉप 5 विभागों में पंचायती राज, श्रम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग भी शामिल हैं। टॉप 5 जिलों में टोंक, दौसा, अलवर और सलूंबर जिले रहे।

## 67वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी की नियमावली जारी फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 8 सितम्बर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा इस वर्ष 67वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस कला प्रदर्शनी में राज्य के युवा एवं वरिष्ठ चित्रकारों से कृतियां आमंत्रित की जा रही है । इस वार्षिक कला प्रदर्शनी/प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल द्वारा 10 सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों को पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये के दस पुरस्कार वार्षिक समारोह में प्रदान किये जायेंगे । अकादमी कार्यालय में कृतियां जमा कराने की अन्तिम तिथि 8 सितम्बर, 2026 रखी गयी है। नियमावली कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## 21 जुलाई से 31 अगस्त तक लगेंगे शहरी सेवा शिविर-2026 के फॉलोअप कैंप

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 21 जुलाई से 31 अगस्त (रविवार छोड़कर) तक शहरी सेवा शिविर-2026 के फॉलोअप कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन शिविरों में पूर्व में लंबित एवं नए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, पट्टे, नामांतरण, ट्रेड लाइसेंस, ऋण स्वीकृति सहित सभी सेवाएं पूर्ववत उपलब्ध रहेंगी तथा दी गई छूट और शिथिलताएं भी जारी रहेंगी। प्रत्येक नगरीय निकाय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर संचालित होंगे। जिला कलक्टर तैयारियों, मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे तथा लंबित कार्य पूरे होने तक शिविर जारी रखा जाएगा।

---

**मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य भवन में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की**

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग और डिजिटल ट्रैकिंग व्यवस्था होगी और मजबूत

### पिछले 24 घंटे में सभी हाई रिस्क प्रसव सुरक्षित




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा गर्भवती महिलाओं के रेफरल प्रबंधन को डिजीटल माध्यम से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी, रेफरल प्रबंधन, डिजिटल ट्रैकिंग तथा प्रसव सुविधा वाले राजकीय अस्पतालों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पिछले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में हुए सभी सिजेरियन प्रसव तथा हाई रिस्क गर्भवतियों की स्थिति की अधिकारियों एवं फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों से सीधे जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में सभी प्रसव सुरक्षित रहे। इस पर उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को भर्ती सभी प्रसूताओं की सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जयपुर, चूरू, झुंझूनूं जिलों की एएनएम से भी सीधे संवाद किया। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवतियों के नियमित फॉलोअप, संभावित प्रसव तिथि की निगरानी, समय पर चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रेफरल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज द्वारा विकसित 'सेतु डिजिटल इमरजेंसी हेल्थकेयर सॉफ्टवेयर' की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से इसी प्रकार का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं अन्य फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे गर्भवती महिलाओं की रियल टाइम ट्रैकिंग तथा रेफरल प्रबंधन और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएमएससीएल) से अस्पतालों में दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा इन्वेंटरी प्रबंधन की समीक्षा की।

साथ ही माइक्रोबायोलॉजी सेवाओं के लिए मानकीकृत प्रोटोकॉल तैयार कर रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीजर (आरओपी) जारी करने के निर्देश दिए, ताकि सभी संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं एकरूप सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। मुख्य सचिव ने सुरक्षित मातृत्व सेवाओं से जुड़ी सूचनाओं एवं प्रसव संबंधी मामलों की त्वरित मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर समर्पित कंट्रोल रूम स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक प्रसूता की स्थिति पर राज्य स्तर से सतत निगरानी रखी जा सकेगी।

**वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा -2026**

## बोर्ड ने मास्टर प्रश्न पत्र तथा इसकी प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी की

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 28 जून 2026 को आयोजित वनपाल सीधी भर्ती 2026 परीक्षा के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इसकी प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी की है। सूची बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर अपलोड की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव प्रीति माथुर ने बताया कि बोर्ड द्वारा प्रत्येक आपत्ति का शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया है। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आपत्ति के लिंक पर जाकर अपनी एसएसओ आई.डी. के माध्यम से शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

## जयपुर में लगेगा 150 करोड़ रुपये का अत्याधुनिक पॉलीफिल्म प्लांट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) जयपुर में करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक एवं पूर्णतः स्वचालित 20 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का पॉलीफिल्म मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगा। इस परियोजना के लिए हिन्दुस्तान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरएल) और आरसीडीएफ के बीच जल्द एमओयू होगा। एचआरएल प्लांट की डीपीआर, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण तथा कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

---



## लोक सेवा निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव हर्ष सावनसुखा ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का किया निरीक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेशवासियों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान के लिए राज्य सरकार राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में निदेशक जन अभियोग निराकरण विभाग हर्ष सावनसुखा ने मंगलवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण कर पोर्टल की कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री सावन सुखा ने प्रकरणों के निस्तारण में आ रही तकनीकी समस्याओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की तथा पोर्टल को अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित राज्य स्तरीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के कारणों की जानकारी ली और तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

## राजस्थान में बारिश के कारण 13 ट्रेन लेट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के कुछ इलाकों में हो रही बारिश का असर ट्रेनों पर भी पड़ने लगा है। जयपुर जंक्शन होकर चलने वाली कई गाड़ियां तीन से चार घंटे की देरी से चल रही है।वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे के सीकर यार्ड में पानी भरने के कारण कई ट्रेनों को आंशिक रद्द किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि बारिश के कारण कई जगहों पर ट्रैकों पर पानी भर गया है, जिसका असर उत्तर पश्चिम रेलवे से गुजरने वाली कई ट्रेनों पर पड़ा है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ट्रेन का स्टेटस चेक करके ही घर से निकले।

## महिला क्रिकेटर्स को शिकायत के बाद मिल रहीं धमकियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघ्न तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, खेल मंत्री और राज्य महिला आयोग से न्याय की गुहार लगाई है। खिलाड़ियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज कराने के बाद से उन पर और उनके परिवार पर लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है, धमकियां दी जा रही हैं।

---

**एसएलबीसी की विशेष साइबर समन्वय बैठक सम्पन्न**

**मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने बैठक में साइबर ठगी पर अंकुश के लिए दिए दिशा-निर्देश**

## 'जीरो टाइम लैग' के लक्ष्य के साथ काम करें बैंक-मुख्य सचिव

### 190 बैंक शाखाओं पर होगी एआई की पैनी नजर



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में साइबर सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन के धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मंगलवार को शासन सचिवालय में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष साइबर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा राजस्थान पुलिस एवं प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु ठोस एवं परिणाम-मूलक रणनीति तय की। मुख्य सचिव ने कहा कि बैंकों को 'जीरो टाइम लैग' का लक्ष्य लेकर कार्य करना होगा। हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत मिलते ही बैंकों की प्रतिक्रिया तीव्र होनी चाहिए तथा नागरिक की शिकायत और खाता होल्ड की कार्रवाई के बीच समय-अंतराल नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दस में से मात्र एक मामले में ही बैंकों की त्वरित प्रतिक्रिया से राशि रुक पाना गंभीर विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बैंक अधिकारी स्वयं 1930 कॉल सेंटर का दौरा कर नागरिकों की समस्याओं को नजदीक से समझें और पुलिस के साथ हैंड्स-ऑन समन्वय स्थापित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक एवं समयबद्ध प्रयासों से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा और प्रदेश डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभरेगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा एवं म्यूल अकाउंट्स की रोकथाम हेतु समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### बैंक प्रतिनिधि करेंगे 1930 कॉल सेंटर का दौरा

मुख्य सचिव ने बताया कि निर्देशों की अनुपालना में बुधवार को सभी बैंकों के प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय स्थित 1930 कॉल सेंटर का दौरा करेंगे। इस दौरे के माध्यम से बैंक अधिकारी कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया तथा नागरिकों की व्यावहारिक कठिनाइयों को नजदीक से समझ सकेंगे, जिससे आगे की कार्यवाही और अधिक प्रभावी एवं त्वरित हो सकेगी।

### केवाईसी अपडेट एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष बल

**मुख्य सचिव ने कहा कि साइबर ठग प्रायः केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल, एसएमएस अथवा लिंक भेजकर आमजन को झांसे में लेते हैं। अतः बैंक ग्राहकों तक केवाईसी संबंधी सूचनाएं केवल सत्यापित माध्यमों से ही पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक साइबर ठगी के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित हैं। इसलिए बैंक शाखाओं में उनके लिए विशेष सहायता काउंटर स्थापित किए जाएं तथा उन्हें डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतने के लिए व्यक्तिगत रूप से जागरूक किया जाए।**

## संभागीय आयुक्त और आईजी कल नैनवां व तलवास में विभिन्न कार्यालयों का करेंगे निरीक्षण

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** कोटा संभाग के संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल और पुलिस महानिरीक्षक हरेन्?द्र कुमार महावर 23 जुलाई को बूंदी जिले के नैनवां और तलवास क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान दोनों अधिकारी विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे, कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और आमजन की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करेंगे। संभागीय आयुक्त और आईजी 23 जुलाई सुबह 11 बजे नैनवां उपखंड कार्यालय का एवं न्?यायालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे नैनवां थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक लेंगे। दोपहर 2 बजे नैनवां के नगर पालिका परिसर में 'जनसुनवाई कार्यक्रम' एवं 'शहरी सेवा फॉलोअप शिविर' में शामिल होंगे। संभागीय आयुक्त और आईजी शाम 4 बजे तलवास में आयोजित 'ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर' का निरीक्षण करेंगे ।

# वर्षा की कामना को लेकर पतंजलि योग परिवार ने किया यज्ञ-हवन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में मानसून सक्रिय होने के बावजूद पर्याप्त वर्षा नहीं होने से चिंतित लोगों ने अब धार्मिक आस्था का सहारा लिया है। इसी क्रम में मंगलवार को पतंजलि योग परिवार, शिवाजी गार्डन फिटनेस मित्रगण एवं आर्य समाज मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के संरक्षक भूपेंद्र मोगरा मुख्य अतिथि रहे, जबकि महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी नीरा मेहता ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर पतंजलि परिवार के जिला प्रभारी भंवरलाल शर्मा, योग शिक्षक दुर्गालाल जोशी, रेखा आगाल एवं प्रेमशंकर जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य पंडित शिवकुमार शास्त्री (पुरोहित, आर्य समाज) के सान्निध्य में पंडित विजय शर्मा एवं किरण शर्मा के सहयोग से विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन संपन्न हुआ। यज्ञ में शामिल साधकों, फिटनेस मित्रों एवं श्रद्धालुओं ने वरुण देव, इंद्रदेव सहित अन्य देवताओं को आहुतियां अर्पित कर अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि, स्वच्छ पर्यावरण एवं जनकल्याण की कामना की। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेमशंकर जोशी ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार वैदिक मंत्रों के साथ हवन में दी गई आहुतियों का



प्रभाव वातावरण पर सकारात्मक पड़ता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से उत्पन्न धुंआ और गैसें वातावरण को शुद्ध करने के साथ बादलों को वर्षा के लिए प्रेरित करती हैं। हवन के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने इंद्रदेव और वरुण देव से हाथ जोड़कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, जल स्रोतों की वृद्धि, औषधीय वनस्पतियों की उत्पत्ति तथा समस्त प्राणियों के कल्याण की प्रार्थना की। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## फव्वारा सर्किल पर अंडरग्राउंड लाइन की डीपी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी; ठेला चालकों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शामिल फव्वारा सर्किल पर अचानक अंडरग्राउंड विद्युत लाइन की डीपी में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते डीपी से तेज चिंगारियां उठने लगीं और गुबार के साथ काला धुआं फैल गया, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि पास ही मौजूद सब्जी ठेला चालकों ने समय रहते स्थिति की गंभीरता को भांप लिया और तुरंत अपने ठेले वहां से हटा लिए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, संभवतः अंडरग्राउंड विद्युत लाइन में पानी चले जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके चलते डीपी में अचानक तेज आग भड़क उठी। देखते ही देखते चिंगारियों के साथ धुएं का गुबार उठने लगा। चूंकि फव्वारा सर्किल के आसपास रोजाना बड़ी संख्या में सब्जी के ठेले लगते हैं और लोगों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई।जैसे ही डीपी से चिंगारियां और धुआं उठना शुरू हुआ, समीप खड़े सब्जी ठेला चालकों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई और बिना देरी किए अपने-अपने ठेले वहां से सुरक्षित दूरी पर हटा लिए। ठेला चालकों की इस त्वरित सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक बड़ी जनहानि होने से बाल-बाल बच गई।घटना के तत्काल बाद स्थानीय नागरिकों ने सजगता दिखाते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र की बिजली सप्लाई तुरंत बंद करवाई और तकनीकी टीम को मौके पर रवाना किया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया।

## पीह कबीर चेतन आश्रम में कबीर पंथ के 16वें वंशाचार्य उदितमुनिनाम साहेब का भव्य स्वागत, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**थांवला (हुक्मनामा समाचार)।** थांवला के निकटवर्ती ग्राम पीह स्थित सद्गुरु कबीर चेतन आश्रम में सोमवार को आध्यात्मिक आस्था और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। महंत हरिसिंह जी राठौर साहब की तपोस्थली माने जाने वाले इस आश्रम में कबीर पंथ के 16वें वंशाचार्य पंथ हुजूर उदितमुनिनाम साहेब का कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा (छत्तीसगढ़) से शुभ आगमन हुआ। उनके पधारने पर पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु, साधु-संत और महंत पीह पहुंचे। वहीं राजस्थान के लगभग सभी जिलों से भी कबीर साहेब के अनुयायियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कबीर आश्रम पीह के वर्तमान महंत सतनामसिंह जी राठौड़ साहेब ने बताया कि पंथ हुजूर उदितमुनिनाम साहेब के आगमन पर महिला मंडल द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे आश्रम परिसर में आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत वातावरण बना रहा। उन्होंने बताया कि सायंकाल लगभग 7 बजे पंथ हुजूर साहेब के करकमलों द्वारा समस्त जीवों के कल्याण एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए सात्विक यज्ञ, आनंदी चौका एवं आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में इन धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर सत्संग का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान दोपहर से देर रात्रि तक विशाल सद्गुरु भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में अनुशासन, सेवा और भक्ति की अनूठी मिसाल देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने इसे जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा और सद्गुरु की कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर बताते हुए आयोजन की सराहना की।

## ग्रामीण सेवा शिविर 2026: 21 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित होंगे फॉलो-अप शिविर

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने और त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से चलाए गए 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' के सफल समापन के बाद अब 21 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में फॉलो-अप शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इन शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, कृषि, ऊर्जा, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सहित 22 प्रमुख विभाग शामिल होंगे। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए नियमों का सरलीकरण किया गया है। अब भूमि आवंटन सलाहकार समिति की बैठक जिला या तहसील मुख्यालय के बजाय सीधे संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही आयोजित होगी। इसके अलावा भूमि आवंटन की उद्घोषणा अवधि को 15 दिन से घटाकर 7 दिन कर दिया गया है। मुख्य शिविरों के दौरान उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और जिला कलक्टर को सौंपी गई विशेष प्रशासनिक व राजस्व शक्तियां इन फॉलो-अप शिविरों में भी लागू रहेंगी। शिविरों के दौरान रास्तों के विवाद, भूमि नामांतरण और अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## जोतायां हरडा वाले बालाजी मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** जोतायां ग्राम पंचायत मुख्यालय के हरडा वाले बालाजी मंदिर में कलश यात्रा और अखण्ड रामायण पाठ के साथ 2 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। आचार्य पंडित रामप्रसाद शर्मा के सानिध्य में कलशयात्रा और रामायण जी के नगर भ्रमण बाद अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ हो गया। भक्तिभाव और डीजे की धुन पर नाचते गाते निकाली गई कलशयात्रा में 31 महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही युवा लोग हाथों ध्वज पताका, ढोल, मृदंग, नगाड़ों की थाप और बालाजी के जयकारे लगाते हुए भाग लेने से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। पीवणिया सागर तालाब के तट पर पंडित रामप्रसाद शर्मा द्वारा कलशों की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर 31 महिलाओ को जल से भरे कलश सिर पर उठाकर रवाना किया गया। गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा गांव के सदर बाजार, खाती मोहल्ला, बस स्टैंड, रेबारी ढाणी होते हुए ालाजी मंदिर प्रांगण में पहुंचकर स्थापित किए गए। वार्षिक आयोजन कमेटी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में गणपति जी पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ आरंभ किया गया। क्षेत्र में अच्छी बरसात के लिए अखंड रामायण पाठ 24 घंटे तक चलेगा। वहीं बुधवार को बालाजी मंदिर परिसर में विवाहित जोड़े हवन-यज्ञ में आहूतियां देंगे। साथ ही साधु संतों और ग्रामीणों भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई जाएगी। कलशयात्रा के दौरान गुलाब रायका, आशाराम नामा, गुमान मल, भोपाल, रामेश्वर, श्रवणलाल गुर्जर?, जगदीश प्रसाद, पूजारी राम अवतार वैष्णव, राधेश्याम वैष्णव, लक्ष्मण रेबारी, गणेश, हेमराज सैकड़ों महिलाएं एवं आयोजक कमेटी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लसाड़िया चौराहे पर जलभराव से लोग परेशान

### नगर पालिका से की व्यवस्था की मांग

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** लसाड़िया चौराहे के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों उकार लाल गर्ग सहित ने नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया है कि मकानों का पानी घरों के सामने एकत्रित हो रहा है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं गंदगी और मच्छरों के बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि मौके का शीघ्र निरीक्षण कर स्थायी जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए, ताकि घरों के सामने होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान हो सके और लोगों को राहत मिले। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जनहित में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।

## फव्वारा सर्किल पर अंडरग्राउंड लाइन की डीपी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी; ठेला चालकों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शामिल फव्वारा सर्किल पर अचानक अंडरग्राउंड विद्युत लाइन की डीपी में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते डीपी से तेज चिंगारियां उठने लगीं और गुबार के साथ काला धुआं फैल गया, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि पास ही मौजूद सब्जी ठेला चालकों ने समय रहते स्थिति की गंभीरता को भांप लिया और तुरंत अपने ठेले वहां से हटा लिए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, संभवतः अंडरग्राउंड विद्युत लाइन में पानी चले जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके चलते डीपी में अचानक तेज आग भड़क उठी। देखते ही देखते चिंगारियों के साथ धुएं का गुबार उठने लगा। चूंकि फव्वारा सर्किल के आसपास रोजाना बड़ी संख्या में सब्जी के ठेले लगते हैं और लोगों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई।जैसे ही डीपी से चिंगारियां और धुआं उठना शुरू हुआ, समीप खड़े सब्जी ठेला चालकों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई और बिना देरी किए अपने-अपने ठेले वहां से सुरक्षित दूरी पर हटा लिए। ठेला चालकों की इस त्वरित सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक बड़ी जनहानि होने से बाल-बाल बच गई।घटना के तत्काल बाद स्थानीय नागरिकों ने सजगता दिखाते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र की बिजली सप्लाई तुरंत बंद करवाई और तकनीकी टीम को मौके पर रवाना किया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया।

## बारिश से जलमग्न हुई सडके

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में मंगलवार की भोर सुबह हुई हल्की बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। कभी तेज तो कभी मद्यम होती बारिश की वजह से शहर के अधिकांश मार्ग पानी से तरबतर हो गये। हालाकि शहर के आसमान में दिनभर काली घनघोर घटाएं छाई रही। हालाकि हल्की बारिश का दौर करीब आधा घण्टे तक ही जारी रहा, मगर रिमझिम बारिश का दौर प्रातः 11 बजे तक जारी रहा। आज जिस प्रकार से इन्द्रदेव रूक रूक कर शहर पर मेहरबान होते रहे। जिसके वजह से तापमान में भी काफी गिरावट मेहसूस की गई। तापमान में गिरावट होने के साथ साथ ठण्डी हवाओं का दौर भी शुरू हो गया। जिससे लोगों को गर्मी एवं उमस से राहत मिली। आज हुई बारिश के बाद कई सडकों पर बहते पानी के कारण लोगों खासी तकलीफे झेलनी पड़ी। बारिश से जहाँ नगर के निचले हिस्सों, गौडाबास सडक मार्ग, मेवल्याबड़, माताभर क्षेत्र, अस्पताल सडक मार्ग आदि क्षेत्रों में पानी भर गया। वर्षा के कारण नि%ली बस्तियों के घरों में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर बारिश नहीं होने से परेशान क्षेत्र के किसानों को राहत प्रदान करने वाली यह बारिश साबित हुई है। इस बारिश के कारण खेतों में बोई गई फसलों को भी जीवनदान मिला है। किसान भी फसलों की सुरक्षा को लेकर कार्य करने में जुटे हुए नजर आने लगे है।



## शहरी सेवा शिविर में 21 पट्टों का वितरण, पेंशन के दो प्रकरणों का भी हुआ निस्तारण

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 21 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविर (फॉलोअप शिविर)-2026 के तहत सोमवार को नगर पालिका पिड़ावा परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनीष मीणा ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं एवं प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। लाभार्थियों को स्टेट ग्रांट योजना के 9, धारा 69-ए के 2, नियमन के 6 तथा नामांतरण के 4 पट्टे वितरित किए गए। इस प्रकार कुल 21 पट्टों का वितरण कर पात्र लाभार्थियों को राहत प्रदान की गई। इसके अलावा शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दो प्रकरणों का भी मौके पर



निस्तारण किया गया। शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के प्रयास किए गए तथा विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू माली, सुधीर जैन, आनंद पुरी, नगर पालिका के वरिष्ठ सहायक श्याम बिहारी, सहायक कर्मचारी शंभूलाल, महावीर प्रसाद सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने जिला एवं तहसील स्तरीय अध्यक्ष और महामंत्री पद का चुनाव कार्यक्रम किया घोषित

**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने प्रदेश के अजमेर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, ब्यावर, जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के जिला एवं तहसील स्तरीय अध्यक्ष और महामंत्री पद का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। अजमेर संभाग चुनाव अधिकारी श्यामलाल बैरवा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश मुख्य चुनाव अधिकारी रोडूराम सुलानिया के निर्देशन में जिला और तहसील स्तरीय अध्यक्ष और महामंत्री पद के चुनाव निष्पक्ष रूप से कराए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 29 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। वहीं 30 और 31 जुलाई को मतदाता सूची में आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। 1 व 2 अगस्त को प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण, 3 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 5 एवं 6 अगस्त को नामांकन पत्र वितरण एवं जमा करना। वहीं 6 अगस्त को नामांकनों की जांच, नामांकन वापस लेने, उम्मीदवारों की सूची प्रकाशन तथा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में किसान, पदाधिकारी और महिलाएं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में व्याप्त विसंगतियों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।इस ज्ञापन में प्रशासन से समय रहते सभी मांगों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की गई है।ज्ञापन में ङ्क्क्न्त ऋड्ढद्धत्त योजना के अंतर्गत पंजीकृत मजदूरों को तत्काल रोजगार उपलब्ध करवाया जाए।ग्रामीण विकास से जुड़े कच्चे कार्यों की पेंडिंग फाइलों की स्वीकृति निकालकर जल्द से जल्द कार्य शुरू कराए जाएं।वर्ष 2024-25 की खरीफ फसल में हुए नुकसान का मुआवजा सीधे पात्र किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया जाए।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना से जुड़े डीडवाना क्षेत्र की ढाणियों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए।कस्टोडियन भूमि के निस्तारण हेतु गठित कमेटी द्वारा शीघ्र निर्णय दिलवाकर किसानों को खातेदारी अधिकार प्रदान किए जाएं।

डीडवाना शहर में सीवरेज के गंदे पानी के भराव व ओवरफ्लो की समस्या का तुरंत दुरुस्त समाधान किया जाए।प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जनहित व किसान हित से जुड़ी इन मांगों पर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसान सभा को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।ज्ञापन देने वाले में



भागीरथ यादव जगदीश गोदारा देवाराम मांडिया एडवोकेट रामचंद्र प्रदीपसिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान महिलाएं प्रशासक आदि मौजूद रहे।

## रियांबड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविरों के फॉलो-अप शिविर

**रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड अधिकारी रियांबड़ी के निर्देशानुसार ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविरों के फॉलो-अप शिविर आयोजित किए जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद सैनी ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य पूर्व में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करना है। साथ ही 22 विभागों द्वारा नियमित रूप से दी जाने वाली सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि फॉलो-अप शिविरों का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। 22 जुलाई को लाम्पोलाई, 23 जुलाई को जसवंताबाद, 24 जुलाई को पादू कलां, 27 जुलाई को चुंदिया, 28 जुलाई को गवारड़ी, 29 जुलाई को जड़ाऊ कलां एवं बड़ायली, 31 जुलाई को झिन्टिया, 3 अगस्त को भंवाल, 4 अगस्त को बीजाथल, 5 अगस्त को रोहिसा, 6 अगस्त को पादू खुर्द, 10 अगस्त को मेड़ास, 11 अगस्त को जाटावास एवं सेंसड़ा, 12 अगस्त को जसनगर, 17 अगस्त को बग्गड़ तथा 20 अगस्त 2026 को अरणियाला ग्राम पंचायत में फॉलो-अप शिविर लगाए जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास सहित 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# एसपी के निर्देश पर शहर की कॉलोनी में चल रहे सेक्स रैकेट के खिलाफ सदर पुलिस की पीटा एक्ट में बड़ी कार्रवाई

## 14 पुरुषों व संचालिका सहित आठ महिलाओं को किया गिरफ्तार

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** सदर थाना पुलिस ने सोमवार को तहसील रोड स्थित एक मकान पर पीटा एक्ट में बड़ी कार्रवाई करते हुए देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 14 युवकों और 8 युवतियों को हिरासत में लिया। कार्रवाई के दौरान सभी आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने इस मामले में एक महिला और उसके बेटे सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना अधिकारी भंवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील रोड स्थित मकान में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों के सत्यापन के बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके कार्रवाई की। पुलिस ने पहले एक बोगस ग्राहक को मकान के भीतर भेजा। संकेत मिलते ही पुलिस टीम ने दबिश देकर पूरे परिसर को घेर लिया और कार्रवाई को अंजाम दिया।

नकदी, वाहन और डिजिटल भुगतान मशीनें जब्त पुलिस उप अधीक्षक अनील जोशी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मकान से ऑनलाइन भुगतान में प्रयुक्त तीन डिजिटल मशीनें, करीब 2.40 लाख रुपए नकद, एक कार, एक टैंपू तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद सामान को जब्त कर जांच की जा रही है। कई राज्यों और जिलों की युवतियां मिली पुलिस जांच में सामने आया कि मौके पर मिली महिलाओं और युवतियों में कुछ सूरत, कोलकाता, भीलवाड़ा और बूंदी की रहने वाली है। सभी महिलाओं और युवतियों को आवश्यक प्रक्रिया के बाद सखी वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है, जहां उनकी काउंसलिंग और अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। महिला और बेटे सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज सदर थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि मकान में देह व्यापार संचालित कराने के आरोप में एक महिला, उसके बेटे तथा अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका, मानव तस्करी या किसी संगठित गिरोह से संबंध और आर्थिक लेन-देन की भी जांच कर रही है। देह व्यापार से अर्जित की करोड़ों की संपत्ति देह व्यापार में गिरफ्तार संचालिका लम्बे समय से देह व्यापार में लिप्त हैं। महिला के साथ उसका पुत्र भी अब इस व्यापार में शामिल है उक्त



महिला संचालिका द्वारा देह व्यापार से करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है। महिला ने के कई होटल मकान कृषि भूमि व प्लांट बूंदी व बूंदी जिले के बाहर स्थित है। पुलिस अब गिरफ्तार संचालीका की संपत्ति का ब्यौरा जुटा रही है। क्षेत्र में मचा हड़कंप अचानक पुलिस द्वारा बड़े लवाजमें के साथ तहसील रोड पर मकान में की गई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई।पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई और सभी आरोपियों को थाने लेकर पहुंची।

## परम पूज्य 108 आचार्य कल्पपुण्यसागर महाराज के पावन सान्निध्य में अष्टान्हिका महापर्व के अंतर्गत सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** धर्म नगरी मे चल रहा तपस्वी साधुसंघ जैन समाज का जिसमे कार्यक्रम का प्रारंभ महावीर मंदिर से एवं गुरुवर के साथ घट यात्रा प्रारंभ हुई घट यात्रा महावीर वाटिका पहुची! तत्पश्चात ध्वजारोहण, मंडप उद्घाटन के साथ जी के अभिषेक, शांतिधारा, इंद्र सकलीकरण तथा गुरुपाद प्रक्षालन आचार्य प्रवचन जैसे मंगलमय धार्मिक अनुष्ठानों से हुआ। इसके पश्चात विधिवत् पूजन-अर्चना शुरू हुई। यह धार्मिक आयोजन 29 जुलाई तक प्रतिदिन आयोजित होगा। विधान के दौरान प्रतिदिन मंडप पर सिद्ध परमेष्ठी भगवान को विभिन्न इंद्रों द्वारा श्रद्धापूर्वक अर्घ्य समर्पित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु विधान में सहभागी बनकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। प्रतिदिन सन्ध्याकाल मे प्रभु एवम् गुरुवर की आरती, शास्त्र स्वाध्याय, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन हो रही है उक्त जानकारी समाज के सेठ समाज सेवी दिनेश जेकणावत एवं कमेटी अध्यक्ष सागरमल बोहरा ने दी

## मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना-2026 के लिए 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना-2026 के तहत पात्र दिव्यांगजनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत पात्र विशेष योग्यजनों को नि:शुल्क स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक आवेदक 31 जुलाई, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक चन्द्र प्रकाश जीनगर ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2026-27 के तहत संचालित इस योजना का उद्देश्य 18 वर्ष या उससे अधिक तथा 45 वर्ष से कम आयु के चलने-फिरने में असमर्थ विशेष योग्यजनों को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी एवं रोजगाररत पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास 40 प्रतिशत या उससे अधिक चलन संबंधी दिव्यांगता का यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड होना अनिवार्य है। यदि आवेदक मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सम्मान पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो उसे पेंशन पीपीओ की प्रति संलग्न करनी होगी।

## होटल-लॉज में नियमों की अनदेखी पर सख्ती की मांग 'कुछ घंटों की लापरवाही से बर्बाद हो सकता है जीवन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** लाडो सेवा फाउंडेशन ने शहर के होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउसों में नियमों की अनदेखी को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन से विशेष निरीक्षण अभियान चलाने की मांग की है। फाउंडेशन के प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि कुछ समय के आर्थिक लाभ के लिए युवाओं के भविष्य को जोखिम में डालना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना वैध पहचान-पत्र के कमरे उपलब्ध कराना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सामाजिक सुरक्षा पर भी गंभीर असर पड़ता है। ऐसे मामलों में किशोर-किशोरियां भावनात्मक निर्णय लेकर कई बार गलत परिस्थितियों में फंस जाते हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। फाउंडेशन ने चिंता जताई कि कई घटनाओं में निजी फोटो या वीडियो बनाकर युवाओं को ब्लैकमेल किया जाता है, जिससे वे मानसिक उत्पीड़न और साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार की खुशियों को खत्म कर सकती है। लाडो सेवा फाउंडेशन ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि शहर के सभी होटल, लॉज और गेस्ट हाउसों की नियमित जांच हो, पहचान-पत्र सत्यापन की प्रक्रिया का सख्ती से पालन कराया जाए और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, फाउंडेशन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनकी गतिविधियों पर ध्यान दें और उन्हें साइबर अपराध व ऑनलाइन शोषण के खतरों के प्रति जागरूक करें। फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यवसाय का विरोध नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा और कानून के पालन को सुनिश्चित करना है। उनका कहना है कि समय रहते जागरूकता और सख्ती जरूरी है, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

## डीडवाना में बड़ा हादसा टला: फाइबर लाइन का खुला गढा बना आफत, मोड़ पर निजी स्कूल की बस फंसी

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में फाइबर केबल बिछाने के नाम पर खोदे जा रहे गड्ढों और उन्हें बिना भरे छोड़ देने की लापरवाही अब मासूम बच्चों की जिंदगी पर भारी पड़ने लगी है। मंगलवार को शहर के एक निजी विद्यालय के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बाल-बाल टल गया। स्कूल के पास गली के मोड़ पर फाइबर कंपनी द्वारा खोदा गया खुला गड्ढा एक स्कूल बस के लिए आफत बन गया।जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह एक निजी स्कूल की बस बच्चों को लेकर विद्यालय आ रही थी।

जैसे ही बस स्कूल के पास स्थित गली के मोड़ में प्रवेश करने लगी, तभी सड़क किनारे फाइबर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में बस का पिछला टायर अचानक जा धंसा। पहिया धंसते ही बस एक तरफ झुक गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।गनीमत यह रही कि बस का केवल पिछला हिस्सा ही गड्ढे में गिरा, जिससे बड़ा हादसा टल गया और वाहन पलटने से बच गया। घटना के तुरंत बाद चालक व स्थानीय निवासियों की सतर्कता से बस में सवार सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उन्हें विद्यालय पहुंचाया गया। हादसे में किसी भी बच्चे को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है, जिससे परिजनों और स्कूल प्रशासन ने राहत की सांस ली।घटना के बाद स्थानीय निवासियों और राहगीरों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। लोगों का आरोप है कि शहर भर में फाइबर केबल बिछाने वाली कंपनियां सड़कें और गलियां खोद तो देती हैं, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद गड्ढों को सही तरीके से समतल नहीं किया जाता। बिना किसी चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग के खुले छोड़े गए ये गड्ढे आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी लापरवाह कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और शहर के सभी खुले गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए।

**किसान नेता मुरली नागर ने किसानों की समस्याओं से लोकसभा अध्यक्ष को कराया अवगत**

## दिल्ली पहुंच की मुलाकात, सिंचाई के लिए गांधी सागर से अतिरिक्त पानी दिलाने पर जताया आभार

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुरली मनोहर नागर ने क्षेत्र के किसानों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अवगत करवाया।

लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचे किसान मोर्चा महामंत्री मुरली मनोहर नागर ने क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए गांधी सागर एवं राणा प्रताप सागर बांध से अतिरिक्त पानी दिलाने के लिए स्पीकर बिरला का आभार प्रकट किया। नागर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व भी स्पीकर बिरला के प्रयासों से गांधी सागर बांध से कोटा बैराज की नहरों के लिए 2000 क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी। अब लगातार बारिश नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने पुन: मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से वार्ता कर



गांधी सागर बांध से 2000 क्यूसेक एवं राणा प्रताप सागर बांध से 1000 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

नागर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के प्रयासों से सिंचाई के लिए मिलने वाला यह नहरी पानी कोटा ही नहीं बूंदी एवं केशवरायपाटन क्षेत्र के किसानों के लिए भी वरदान साबित होगा और इससे क्षेत्र में पानी के अभाव में सूखती किसानों की फसलों को नया जीवनदान मिलेगा। इस दौरान पूर्व जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, रवि मालव, दिनेश पंचोली, हेमराज मालव, दयाराम मालव आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने अलवर में टैफे मोटर्स-डॉयट्स के नए इंजन उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन किया




**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के अलवर में टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड (झरूझरु) ने जर्मन कंपनी डॉयट्स एजी के साथ साझेदारी में नई इंजन उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। इंडस्ट्री 4.0 तकनीक पर आधारित इस अत्याधुनिक संयंत्र का शुभारंभ राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। यह संयंत्र प्रतिवर्ष 35,000 इंजन और 50,000 सब-असेंबली बनाने की क्षमता रखता है। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि यह निवेश राजस्थान को 'मेड इन राजस्थान फॉर द वर्ल्ड' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में मजबूत करेगा। टैफे की चेयरमैन व प्रबंध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन ने बताया कि 2030 तक कंपनी की वार्षिक इंजन उत्पादन क्षमता 5.5 लाख तक पहुँचाने का लक्ष्य है। वहीं, वाइस चेयरमैन डॉ. लक्ष्मी वेणु के अनुसार, इस संयंत्र में 40% महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, जो लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है।

## राष्ट्रीय नाई महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय नाई महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को बिहार सदन, नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। बैठक में देशभर से राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी सदस्यों ने भाग लेकर समाज के विकास, संगठन को सशक्त बनाने तथा सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर सेन (निम्बाहेड़ा, राजस्थान) ने सहभागिता करते हुए समाज के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाज की एकजुटता को बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान वरिष्ठ एवं दिग्गज नेताओं से भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सामाजिक एकता, संगठनात्मक विस्तार, युवाओं की सक्रिय भागीदारी, समाज के अधिकारों की रक्षा तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाने की दिशा में भविष्य




की रणनीति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय नाई महासभा की इस बैठक में समाज के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी तथा संगठन की आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर सेन ने कहा कि समाज की प्रगति संगठन की मजबूती, युवा शक्ति की भागीदारी और आपसी एकता से ही संभव है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# सतखंडा में जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत सतखंडा में सोमवार को चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की नवगठित कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण, कांग्रेस पार्टी का मफलर ओढ़ाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। समारोह के दौरान चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष गोपाल आंजना बाड़ी, जिला सचिव गोवर्धनलाल आंजना (पहलवान) बसेड़ा, जिला सचिव जुगल धाकड़ उखलियां तथा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव मधु गोस्वामी का कांग्रेस परिवार एवं ग्रामीणजनों की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना सहित कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचकर जनसंपर्क करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता, समर्पण एवं जनसेवा की भावना के बल पर संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा युवाओं, किसानों, महिलाओं, मजदूरों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को कांग्रेस की विचारधारा और कार्यक्रमों से जोड़कर जनाधार का विस्तार किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सदैव आमजन, किसानों, श्रमिकों एवं कमजोर वर्गों की आवाज उठाती रही है तथा भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक



पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन हित में प्रभावी भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य रतनलाल डांगी, नानालाल डांगी, हीरालाल डांगी, मिठूलाल डांगी, वृद्धिचंद डांगी, उदयराम डांगी, रतन डांगी (वातड़ा), एडवोकेट कमलेश डांगी, शांतिलाल डांगी, मांगीलाल डांगी, दलीचंद डांगी, प्रभुलाल डांगी, चतरू डांगी, कैलाश शर्मा, गणेश शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, भंवरलाल डांगी मिस्त्री, लक्ष्मीलाल शर्मा, भंवर डांगी, महेश वैष्णव, धर्मेंद्र लक्षकार, सिद्धार्थ साहू, प्रदीप सालवी, गोपाल मेघवाल, हजारीलाल रेगर, रामलाल डांगी, गयास खान पठान, बद्रीलाल गायरी, प्रकाश सालवी, मंजू बाई डांगी, रवीना डांगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अंबे माता पहाड़ी पर 3 दिन से पैंथर व शावकों का विचरण ग्रामीणों में भय

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** बिनोता कस्बे की अंबे माता पहाड़ी पर तीन दिन से पैंथर की लगातार चहलकदमी दिख रही है। सूचना पर वन विभाग के रेंजर सुनील कुमार यादव, करणपाल सिंह टीम व ग्रामीणों के साथ पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचे। रेंजर यादव ने बताया कि मादा पैंथर के साथ दो शावक हैं। इसी कारण पिंजरा नहीं लगाया गया। शावक बड़े होने तक क्षेत्रवासी सावधानी रखें। पैंथर और शावकों की मौजूदगी से पहाड़ी की तलहटी के गांव बिनोता, भगवानपुरा, भागल, शिवगढ़ में डर का माहौल है। पहाड़ी के आसपास रहने वालों के अनुसार पैंथर रात 8-9 बजे के बाद बच्चों के साथ नीचे शिकार के लिए आता है। पैंथर द्वारा पहाड़ी क्षेत्र से सटे मकानों, गलियों में आने से मोहल्ले वासी दहशत में हे वन विभाग के रेंजर सुनील कुमार यादव में बताया ग्रामीणों को रात्रि के समय पहाड़ी क्षेत्र में नहीं जाना चाहिए सावधानी रखनी चाहिए अपने घरों के बाहर बड़ी लाईट लगावे अंधेरा नहीं रखे 20 जुलाई को पैंथर ढाणी चबूतरे के आस पास विचरण किए हुवे नजर आया ।